दशम वार्षिक प्रतिवेदन

10th ANNUAL REPORT

2021-22

ଉତ୍କଳ ଗ୍ରାମୀଣ ବ୍ୟାଙ୍କ

उत्कल ग्रामीण बैंक

UTKAL GRAMEEN BANK

Sponsored by STATE BANK OF INDIA

Sapling Plantation by Chairman on World Environment day

Makers of Excellence Award 5.0 for APY

International Women's Day Celebration at Head Office, Bolangir

निर्देशक मण्डल
BOARD OF DIRECTORS

श्री अलेख चन्द्र बेउरा
अध्यक्ष
SHRI ALEKHA CHANDRA BEURA
Chairman

श्री चंचल राना (आइ.ए.एस)
मनोनीत निर्देशक, ओडिशा सरकार
Shri Chanchal Rana (IAS)
Nominee Director, Govt. of Odisha

श्री ताराकान्त भक्त
मनोनीत निर्देशक, ओडिशा सरकार
Shri Tarakanta Bhakta
Nominee Director, Govt. of Odisha

श्री निर्मल चन्द्र पट्टनायक
मनोनीत निर्देशक, भारतीय रिजर्व बैंक
Shri Nirmal Chandra Pattanaik
Nominee Director, Reserve Bank of India

श्री वि. बालासुब्रमनियन
मनोनीत निर्देशक, नाबार्ड
Shri V. Balasubhramanian
Nominee Director, NABARD

श्री प्रियदर्शन
मनोनीत निर्देशक, भारतीय स्टेट बैंक
Shri Priyadarshan
Nominee Director, State Bank of India

श्री ध्रुब चरण बल
मनोनीत निर्देशक, भारतीय स्टेट बैंक
Shri Dhruba Charan Bal
Nominee Director, State Bank of India

हमारे परामर्शदाता
OUR MENTORS

श्री दिनेश कुमार खारा
अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक
कॉरपोरेट सेन्टर, मुम्बई

Shri Dinesh Kumar Khara
Chairman, State Bank of India
Corporate Centre, Mumbai

श्री अश्विनी कुमार तिवारी
प्रबंध निर्देशक, भारतीय स्टेट बैंक
कॉरपोरेट सेन्टर, मुम्बई

Shri Ashwini Kumar Tewari
Managing Director, State Bank of India
Corporate Centre, Mumbai

श्री मिहिर नारायण प्रसाद मिश्रा
मुख्य महा प्रबंधक (ए एण्ड एस), भारतीय स्टेट बैंक
कॉरपोरेट सेन्टर, मुम्बई

Shri Mihir Narayan Prasad Mishra
Chief General Manager (A&S), State Bank of India
Corporate Centre, Mumbai

बैंक का शीर्ष प्रबन्धन
TOP MANAGEMENT OF THE BANK

श्री अलेख चन्द्र बेउरा
अध्यक्ष
SHRI ALEKHA CHANDRA BEURA
Chairman

श्री मनमोहन साहु
महा प्रबन्धक (I)
Shri Manmohan Sahoo
General Manager (I)

श्री रश्मी रंजन साए
महा प्रबन्धक (II)
Shri Rashmi Ranjan Sai
General Manager (II)

श्री बिपिन बिहारी दाश
महा प्रबन्धक (III)
Shri Bipin Bihari Dash
General Manager (III)

श्री स्नेहांशु कुमार खण्डेइ
महा प्रबन्धक (सतर्कता)
Shri Snehansu Ku. Khandei
General Manager (Vigilance)

क्षेत्रीय प्रबन्धक
REGIONAL MANAGERS

श्री अजय कुमार नायक
क्षेत्रीय प्रबन्धक, ब्रह्मपुर
Shri Ajoya Kumar Nayak
Regional Manager, Berhampur

श्री पुरुषोत्तम घडेइ
क्षेत्रीय प्रबन्धक, जयपुर
Shri Purusotam Ghadei
Regional Manager, Jeypore

श्री असीम चंद्र पात्रा
क्षेत्रीय प्रबन्धक, रायगडा
Shri Asim Chandra Patra
Regional Manager, Rayagada

श्री ए. श्रीनिवास राव
क्षेत्रीय प्रबन्धक, संबलपुर
Shri A. Srinivas Rao
Regional Manager, Sambalpur

श्री चित्रसेन नायक
क्षेत्रीय प्रबन्धक, बरगड
Shri Chitrasen Nayak
Regional Manager, Bargarh

श्री सुभदा प्रसाद महांती
क्षेत्रीय प्रबन्धक, फुलबाणी
Shri Subhada Prasad Mohanty
Regional Manager, Phulbani

श्री कैलाश चंद्र मिश्रा
क्षेत्रीय प्रबन्धक, बलांगीर
Shri Kailash Chadra Mishra
Regional Manager, Balangir

श्री काशीनाथ मिश्रा
क्षेत्रीय प्रबन्धक, भवानीपटना
Shri Kasinath Mishra
Regional Manager, Bhawanipatna

उत्कल ग्रामीण बैंक

दशम वार्षिक प्रतिवेदन 2021-22

शुभ कामनाओं सहित

श्री अलेख चन्द्र बेउरा

अध्यक्ष

उत्कल ग्रामीण बैंक

मुख्य कार्यालय, दुरसंचार भवन,

नया बसस्टैंड के पास, बलांगीर - 767 001

दूरभाष - 06652-357264

www.utkalgrameenbank.co.in

chairman@ukgb.in

विषय सूची

क्रम संख्या	विवरण	पृष्ठ संख्या
1.	प्रेषण पत्र	1
2.	निदेशक मंडल	2
3.	सांबिधिक लेखा परीक्षक	2
4.	क्षेत्रीय कार्यालय	3
5.	वर्ष २०२१-२२की विशेषताएँ	4
6.	निष्पादक संकेतक	5
7.	निदेशक मंडल की रिपोर्ट	9
8.	लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	28
9.	तुलन-पत्र, लाभ और हानि खाता और अनुसूचियाँ	32

प्रेषण पत्र

उत्कल ग्रामीण बैंक

प्रधान कार्यालय : बलांगीर

दिनांक : ३०.०६.२०२२

सेवा में,
सचिव,
भारत सरकार, वित्त मंत्रालय,
वित्तीय सेवाएं विभाग,बैंकिंग प्रभाग,
जीवन दीप भवन, संसद मार्ग,
नई दिल्ली - ११०००१

प्रिय महोदय,

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, १९७६ की धारा २० के प्रावधानों के अनुसरण में मैं इस पत्र के साथ निम्नलिखित प्रलेख प्रेषित कर रहा हूँ :

१. १ अप्रैल, २०२१ से ३१ मार्च, २०२२ तक की अवधि के दौरान बैंक के कार्य-कलापों एवं गतिविधियों के संबंध में निदेशक मंडल की रिपोर्ट।

२. ३१ मार्च, २०२२ को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षित तुलन-पत्र एवं लाभ एवं हानि लेखों की प्रति।

३. १ अप्रैल, २०२१ से ३१ मार्च, २०२२ तक की अवधि के लिए बैंक के लेखों के संबंध में लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की प्रति।

भवदीय,

(अलेख चन्द्र बेउरा)
अध्यक्ष

बैंक का निदेशक मंडल

श्री अलेख चन्द्र बेउरा
अध्यक्ष

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मनोनीत

1) श्री निर्मल चंद्र पट्टनायक
उप-महा प्रबन्धक,
भारतीय रिजर्व बैंक,
भुबनेश्वर

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक द्वारा मनोनीत

2) श्री वि. बालसुब्रमन्यन
उप-महा प्रबन्धक
राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक,
क्षेत्रीय कार्यालय, ओडिशा, भुबनेश्वर

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा मनोनीत

3) श्री ध्रुब चरण बल
उप-महा प्रबन्धक,(एफआई ऐण्ड एमएफ)
भारतीय स्टेट बैंक,
स्थानीय प्रधान कार्यालय, भुबनेश्वर

4) श्री प्रियदर्शन
उप-महाप्रबन्धक ,
ए एण्ड एस विभाग
भारतीय स्टेट बैंक, कार्पोरेट केन्द्र, मुम्बई

ओडिशा सरकार द्वारा मनोनीत

5) श्री. चंचल राना,आइ.ऐ.स्,
जिल्लापाल एवं डि.एम.
वलांगिर, वलांगिर

ओडिशा सरकार द्वारा मनोनीत

6) श्री. ताराकान्त भक्त
उप सचिव, वित्त विभाग
ओडिशा सरकार, भुबनेश्वर

सांविधिक लेखा परीक्षक

तेजराज ऐन्ड पाल
युसीएन २६०११४
सनंदी लेखाकार, प्लट नं.-१२७८/२२५६/४२९४, भुबनेश्वर-७१०१०

शाखा परिक्षक

1.मेसर्स ए.के.ए.एच्.एस्.बि.एण्ड एसोसिएट्स
2.मेसर्स ऐ के लेन्का एण्ड को
3.मेसर्स ऐ के त्रिपाठी एण्ड को.
4.मेसर्स अमरकान्त एण्ड एसोसिएट्स
5. मेसर्स बि.सि.पि एण्ड एसोसिएट्स
6. मेसर्स बि.के.ए.एण्ड एसोसिएटस्
7. मेसर्स डि.एस.पि.के एण्ड एसोसिएट्स
8. मेसर्स डि.भि.आर् मुर्ति एण्ड को
9. मेसर्स दिलिप समीर एण्ड एसोसिएट्स
10.मेसर्स जि.एस्.सी.एस् एण्ड एसोसिएट्स
11.मेसर्स जितेन एण्ड को
12.मेसर्स जितेन्द्र पृष्टि एण्ड एसोसिएट्स
13.मेसर्स के.डि लाठ एण्ड को
14.मेसर्स के.जि.अग्रवाल एण्ड को.
15.मेसर्स एम्.के.एण्ड एम्. के
16.मेसर्स एम्.के. थेबारिया एण्ड एसोसिएट्स
17.मेसर्स एम्.यु.एसोसिएट्स
18.मेसर्स मिश्र बढाई एण्ड एसोसिएट्स
19.मेसर्स नालम् एसोसिएट्स
20.मेसर्स प्रत्युष एण्ड एसोसिएट्स
21.मेसर्स आर्.पि.ए. एण्ड एसोसिएटस्
22.मेसर्स एस्.ऐ.बि.डि एण्ड एसोसिएटस्
23.मेसर्स एस् सि पि एण्ड को.
24.मेसर्स सुदर्शन साहु एण्ड को.
25.मेसर्स सुरु कोटनी एण्ड एसोसिएटस्
26.मेसर्स टि के अग्रवाल एण्ड को.

क्षेत्रीय कार्यालय

ब्रह्मपुर
हर्ष आर्केड, सुब्बाराव स्क्वायर
ब्रह्मपुर
गंजम-767001
मो. 94384 93001
ro.berhampur@ukgb.in

रायगडा
रामकृष्ण नगर
At/Po/Dist. रायगडा - 765001
मो. 94371 76485
ro.rayagada@ukgb.in

जयपुर
एन्.के.टी रोड, होटेल उडस्, प्रथम मंजिल
PO- जयपुर - 764003
जिला - कोरापुट
मो. 82498 88034
ro.jeypore@ukgb.in

संबलपुर
पोद्दार पेट्रोल पंप के सामने
कटक रोड, धनुपाली
धनुपालि, जिला- संबलपुर
मो. 94384 93008
ro.sambalpur@ukgb.in

बरगड
खजूरटिकीरा शिव मंदिर के पास
At/Po/Dist.- बरगड
मो. 94381 93006
ro.bargarh@ukgb.in

फूलबाणी
पेनजी साही, एफसीआई रोड
At/Po फूलबाणी
जिला - कंधमाल 766801
मो. 94375 59947
ro.phulbani@ukgb.in

बलांगीर
दुरसंचार भवन, द्वितिय मंजिल
नया बस स्टैंड के पास,
At/Po/Dist. बलांगीर 767001
मो. 94384 93002
ro.bolangir@ukgb.in

भवानीपटना
बहादुर बागीचा पाडा के पास
भवानीपटना
जिला - कलाहांडी
मो. 94384 93003
ro.bhawanipatna@ukgb.in

२०२१-२२ की विशेषताएं

१. बैंक का सकल व्यापार बढ़कर रु.10744.05 करोड़ के स्तर तक पहुंचा. सकल व्यापार में 3.59% की वृद्धि के साथ रु. 372.55 करोड़ की बढत हुई (पिछले वर्ष के रु.430.25 करोड़, वृद्धि दर 4.33%)।
२. जमाराशि में पिछले वर्ष के रु. 7487.25 करोड़ की तुलना में आलोच्य वर्ष में रु. 155.82 करोड़ की वृद्धि के साथ रु. 7643.07 करोड़ तक पहुँचे. वृद्धि दर 2.08% है।
३. कासा का शेयर पिछले वर्ष के तुलना में 59.62% से 60.47% तक बढ गया।
४. पिछले वर्ष के रु.2884.26 करोड़ की तुलना में बैंक के अग्रिम राशि रु.216.73 करोड़ जो कि 7.51% की वृद्धि के साथ रु.3100.98 करोड़ तक पहुंची।
५. निवल लाभ पिछले वर्ष के तुलना में रु.-411.63 करोड़ से बढकर रु. 2.34 करोड हुआ।
६. सकल एनपीए पिछले वर्ष के रु. 854.21 करोड़ (29.62%) से 31.03.2022 को रु.675.70 करोड़ (21.79%) तक घटा।
७. निवल एनपीए पिछले वर्ष के रु. 388.50 करोड़ (16.06%) से 31.03.2022 को रु. 220.77 करोड़(8.34%) तक घटा।
८. प्रावधान कवरेज अनुपात पिछले वर्ष के तुलना में 54.52% से इस वर्ष 67.33% तक बढ गया ।
९. जमा राशियों की लागत पिछले वर्ष के 4.39% से 31.03.2022 को 3.99% तक कम हुई ।
१०. प्रति शाखा व्यापार पिछले वर्ष के तुलना में रु. 23.84 करोड से बढकर रु. 24.81 करोड़ हो गया ।
११. प्रति कर्मचारी व्यवसाय पिछले वर्ष के तुलना में रु.7.75 करोड से बढकर रु. 7.78 करोड़ हो गया ।
१२. प्रति कर्मचारी निवल लाभ पिछले वर्ष के तुलना में रु. -30.74 लाख से बढकर रु. 0.17 लाख हो गया ।
१३. निवल मूल्य 31.03.2021 के रु. - 404.72 करोड़ की तुलना में. 31.03.2022 को रु. 84.08 करोड़ तक बढ गया ।
१४. आस्तियों पर प्रतिफल पिछले वर्ष के - 4.94% से बढकर 31.03.2022 को 0.03% हो गया ।
१५. ईक्विटी पर प्रतिफल पिछले वर्ष के -42.21% से बढकर 31.03.2022 को 0.23% हो गया ।
१६. अग्रिमों पर लाभ पिछले वर्ष के 4.87% की तुलना में 31.03.2022 को 9.37% हो गया ।
१७. आय के लिए लागत का अनुपात (व्यय अनुपात) पिछले वर्ष के 71.15% से सुधार हो कर 45.23% तक कम हुआ है ।
१८. निवल ब्याज आय पिछले वर्ष के तुलना में 154.71 करोड़ से बढकर 100.42% के वृद्धि के साथ रु. 310.08 करोड़ हो गई ।
१९. 31.03.2022 को निवल ब्याज मार्जिन पिछले वर्ष के तुलना में 2.06% से बढकर 3.94% हो गयी ।
२०. 31.03.2022 को पूँजी पर्याप्तता अनुपात बढकर 3.44% रहा, जबकि 31.03.2021 को यह -16.01% था ।
२१. 31.03.2022 को कृषि के लिए वित्तपोषण बढकर रु. 2039.99 करोड़ हो गया ।
२२. 31.03.2022 को कृषि ऋणियों की संख्या 287401 है ।
२३. 31.03.2022 को एसएचजी की कुल संख्या 43278 है ।
२४. 31.03.2022 को एसएचजी ऋण बढकर रु. 475.40 करोड़ हो गया ।

निष्पादक संकेतक

(रू. हजारो में)

संकेतक			2019-20	2020-21	2021-22
क)	मुख्य निष्पादन संकेतक				
	1.	क्षेत्रगत जिले	17	17	17
	2.	शाखाओं की संख्या	435	435	433
		क) ग्रामीण	365	365	364
		ख) अर्द्ध शहरी	54	54	354
		ग) शहरी	16	16	15
	3.	कुल स्टाफ (प्रायोजक बैंक के स्टाफ को छोडकर)	1486	1339	1381
		इनमें से अधिकारी	675	598	689
	4.	जमा	70470647	74872500	76430695
		वृद्धि %	8.48	6.25	2.08
	5.	बकाया उधारियां,	2705	3530296	4465920
	6.	कुल बकाया, ऋण और अग्रिम	28941913	28842551	31009841
		वृद्धि %	-0.05	-0.34	7.51
		उपरोक्त 6 में से, प्राथमिकता क्षेत्र को ऋण	26738811	25826191	27206000
		ऊपर के 6 में से, गैर लक्षित वर्ग को ऋण	10043102	3016360	3803810
		ऊपरोक्त 6 में से अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति को ऋण	11287346	10109314	1030996
		ऊपरोक्त 6 में से छोटे किसान / सीमांत किसान / कृषि जीवी को ऋण	14928966	14762809	15324371
		ऊपरोक्त 6 में से संख्या लघु को ऋण	594124	503014	510848
	7.	लागत जमा अनुपात	41.07	38.52	40.57
	8.	बकाया निवेश	43208870	47841014	53984598
		एस्एल्आर् निवेश बकाया	36240684	41919003	47103586
		गैर एस्एल्आर् निवेश बकाया	6968186	5922011	6881012
ख)	औसत				
	9.	औसत जमा	67272084	72135930	74541851
		वृद्धि %	10.09	7.23	3.34
	10.	औसत उधार	92147	718104	4597499
		वृद्धि %	-57.78	679.30	540.23
	11.	औसत ऋण और अग्रिम	29591176	29912120	29721305
		वृद्धि %	-5.34	1.08	-0.64
	12.	औसत निवेश	36363935	45316775	48928935
		वृद्धि %	23.86	15.12	7.97
		औसत एस्एल्आर निवेश	30432930	38488645	44988282
		वृद्धि %	19.32	26.46	16.89
		औसत गैर एस.एल. आर. निवेश	8931005	6828130	3940653
		वृद्धि %	42.34	-23.54	-42.29
	13.	औसत कार्यकारी निधि	75227239	83295758	84669120

संकेतक			2019-20	2020-21	2021-22
ग)	वर्ष के दौरान वितरित ऋण				
	14.	वर्ष के दौरान वितरित ऋण	23563711	25884067	20222840
		ऊपर 14 से प्राथमिकता क्षेत्र के लिए ऋण	19977405	21513364	16190735
		ऊपर 14 से गैर लक्षित वर्ग को ऋण	3586306	4370703	1244536
		ऊपर 14 से अनुसूचित जाती / अनुसूचित जनजाति को ऋण	8921220	9189846	1932858
घ)	उत्पादकता				
	15.	प्रति शाखा	228535	238425	245398
		प्रति कर्मचारी	66899	77457	77730
ङ)	वसूली के संसाधन				
	16.	संपूर्ण			
		मांग	26805585	25922839	26979600
		वसूली	16525643	14477905	15429633
		अतिदेय	10279942	11444934	11549966
		वसूली % (जून की स्थिति)	61.65	55.85	57.19
	17.	कृषि क्षेत्र			
		मांग	17925548	16886625	17574511
		वसूली	11377345	9832715	10618519
		अतिदेय	6548203	7053910	6955992
		वसूली % (जून की स्थिति)	63.47	58.23	60.42
	18.	गैर कृषि क्षेत्र			
		मांग	8880037	9036214	9402390
		वसूली	5148298	4645190	5040621
		अतिदेय	3731739	4391024	4361769
		वसूली % (जून की स्थिति)	57.98	51.41	53.61
च)	आस्तियों का वर्गीकरण				
	19.	क) मानक	20838250	20300430	24252799
		ख) अवमानक	846786	2000698	653700
		ग) संदिग्ध	6665182	6142585	5738439
		घ) हानि	591695	398838	364902
		कूल	28941913	28842551	31009841
		मानक आस्तियों का, कुल अग्रिम ऋण के प्रतिशत	72.00	70.38	78.21
छ)	लाभ प्रदत्ता का विश्लेषण				
	20.	प्राप्त ब्याज			
		क) जमा पर	3373227	3169589	2977665
		ख) उधारियों पर	5932	29374	226365

संकेतक			2019-20	2020-21	2021-22
21.	वेतन (अवकाश नकदी सहित)		1285682	1121332	1193651
22.	अन्य परिचालन व्यय		501642	484535	623545
23.	वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान		1964881	4767469	2177342
	क)	अनुत्पदिक आस्तियों पर	1895295	1046810	420403
	ख)	अन्य प्रावधान	105586	3720689	1756939
	ग)	परिशोधन	0	0	0
24.	प्राप्त ब्याज				
	क)	ऋण एवं अग्रिम पर	2246302	1455338	2784226
	ख)	निवेश पर	2870532	3290772	3520660
	ग)	अन्य	0	0	0
25.	विविध आय		619604	709910	917094
26.	हानि /लाभ		-1394926	-4116279	23412
ज)	अन्य जानकारियां				
27.	शेयर पूँजी जमा प्रप्ति		9301491	9703731	14486916
28.	डी.आई. एवं सीजिसी				
	क)	दावों का निपटान	0	0	0
	ख)	मिला हुआ दावा जो अबतक समेटा नहीं	0	0	0
	ग)	निगम से स्थगित दावे	0	0	0
29.	संचायी प्रावधान				
	क)	अनुत्पदिक आस्तियों पर	5009978	4657140	4549317
	ख)	मानक आस्तियों पर	144630	57739	69663
	ग)	मृत आस्तियों पर	0	0	0
30.	अस्वीकृत ब्याज वर्ष के दौरान		455685	1146465	579930
31.	वर्ष के दौरान छोडा गया ऋण				
	क)	खाताओं की संख्या	22708	29263	14930
	ख)	राशि	950214	1398831	528214
32.	संचित हानि		9634668	13750947	13727535
33.	संरक्षित		0	0	0
	निवल अनुत्पादिक आस्तियां		3093685	3884980	2207725
	सकल अनुत्पादिक आस्तियां के लिए प्रावधान		61.82	54.52	67.33
	सकल अनुत्पादिक आस्तियां एवं अग्रिमों का		28.00	29.62	21.79
	शुद्ध अनुत्पादिक आस्तियां एवं अग्रिमों का		28.00	16.06	8.34
34.	पूंजी पर्याप्तता अनुपात		-1.34	-16.01	3.44

(रुपये करोड़ो में)

(रुपये करोड़ो में)

(रुपये करोड़ो में)

(रुपये करोड़ो में)



(रुपये करोड़ो में)



(रुपये लाखो में)

(रुपये लाखो में)



(रुपये करोड़ो में)

निदेशक मंडल की रिपोर्ट 2021-22

हमें उत्कल ग्रामीण बैंक (यूजीबी) की 10 वीं वर्षिक रिपोर्ट तथा साथ में 31 मार्च 2022 को समाप्त हुए वित्त वर्ष के लिए लेखाओं का लेखा-परीक्षित विवरण, लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट एवं बैंक के व्यापार एवं परिचालनों की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है ।

व्यापार समीक्षा

बैंक के व्यवसाय में रु. 372.55 करोड की वृद्धि हुई और यह 31.03.2021 के रू. 10,371.51 करोड से 3.59% बढकर 31 मार्च 2022 को रु. 10,744.05 करोड पर पहुँच गया ।

व्यवसाय में रु. 372.55 करोड की वृद्धि में जमाराशि की निरपेक्ष वृद्धि रु. 155.82 करोड की और ऋणों और अग्रिम राशि में रु. 216.73 करोड वृद्धि हुई ।

(रुपये करोडों में)

लाभ विश्लेषण

बैंक ने वर्ष 2021-22 के लिए रु. 2.34 करोड का शुद्ध लाभ दर्ज किया। जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान रु. 411.63 करोड का शुद्ध हानि दर्ज हुआ था । पिछले वित्तीय वर्ष से लाभ में 100.57% कि बृद्धि हुई। इस वर्ष रु. 42.04 करोड एनपीए प्रावधान, रु. 1.19 करोड मानक आस्तियों पर प्रावधान, रु. 159.67 करोड पेंशन प्रावधान, रु. 2.00 करोड बेतन प्रावधान, रु. 1.52 करोड की धोखाधड़ी प्रावधान, रु. 3.98 करोड विविध प्रावधान, रु. 7.34 करोड ग्रेच्युटी और छुट्टी नकदीकरण प्रावधान रखा गया है।

बैंक का परिचालन लाभ 31.03.2022 को रू. 220.08 करोड रहा जबकि पिछले वर्ष इसी समय यह रु. 65.12 करोड था। चलित वर्ष पिछले वर्ष के मुकाबले रु. 154.96 करोड (237.96%) का परिचालन लाभ में वृद्धि दर्ज की गई।

परिचालन लाभ/हानि

(रुपये करोडो में)



आय और व्यय

रुपये करोडो में

वीवरण	2019-20	2020-21	2021-22	वृद्धि %
ब्याज आय	511.68	474.61	630.49	32.84
ब्याज व्यय	337.92	319.9	320.4	0.16
गैर-ब्याज आय	61.96	70.99	91.71	29.19
गैर-ब्याज व्यय	178.73	160.59	181.72	13.16
सकल लाभ/परिचालन लाभ	56.99	65.12	220.08	237.96
कर व्यय	0	0	0.48	0.00
आस्थगित कर आस्ति तथा पिछले वर्ष के समायोजन (अतिरिक्त)	0	0	0	0.00
प्रावधान और आकस्मिकताएं	196.49	476.75	217.73	-54.33
पूर्वावधि अवमूल्यन और किराए	0	0	0	0.00
निवल लाभ	-139.50	-411.63	2.34	100.57

निवल ब्याज आय

वर्ष के दौरान अर्जित निवल ब्याज आय रु. 630.49 करोड है जबकि निवल ब्याज व्यय रु. 320.40 करोड है। पिछले वर्ष के रु. 154.71 करोड की तुलना में आलोच्य वर्ष के दौरान निवल ब्याज आय रु. 310.09 करोड है।

ब्याज व्यय-ब्याज आय

(रुपये करोडों में)



ब्याज व्यय

जमाओं पर प्रदत्त ब्याज राशि पिछले वर्ष के रु. 316.96 करोड़ से आलोच्य वर्ष में रु. 19.19 करोड़ (6.06%) कमी के साथ रु. 297.77 करोड तक घट गई।

बैंक ने इस वर्ष ऋण (SBI और NABARD से refinance) पर ब्याज के रुप में रु. 22.64 करोड़ का भुगतान किया, जबकि वित्तीय वर्ष 2020-21 में. रु. 2.94 करोड़ का भुगतान किया था, अर्थात इसमें रु. 19.70 करोड़ की बढोत्तरी हुई।

रुपये करोडो में



परिचालन व्यय

परिचालन व्यय 2020-21 के रु. 160.59 करोड से रु. 21.13 करोड (13.16%) बढत के साथ, वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021-22 में रु. 181.72 करोड हो गया।

ब्याज आय

वर्ष के दौरान ब्याज आय रु. 474.61 करोड से बढ कर रु. 630.49 करोड पर पहुँच गई जो कि रु. 155.88 करोड (32.84%) की निरपेक्ष बढत है।

बैंक ने चालू वित्त वर्ष में ऋणों और अग्रिमों से रु. 278.42 करोड की ब्याज आय अर्जित की है जो कि 2020-21 में. रु. 145.53 करोड थी, इस प्रकार इसमें रु. 132.89 करोड की वृद्धि हुई है।

निवेशों से प्राप्त ब्याज आय पिछले वित्तीय वर्ष के रु. 329.08 करोड की तुलना में इस वर्ष रु. 352.07 करोड रहा। निवेशों से प्राप्त ब्याज आय में 6.99% की दर से रु. 22.99 करोड की वृद्धि हुई।

ब्याज आय

रुपये करोडो में

एनपीए हेतु प्रावधान

आलोच्य वर्ष में बैंक ने एनपी के लिए रु.42.04 करोड का प्रावधान किया है जिससे अग्रिमों पर उपलब्ध कुल प्रावधान रु. 461.90 करोड पर पहुँच गया हैं। (इनमें मानक आस्तियों पर किया गया रु. 6.97 करोड का संचित प्रावधान भी शामिल है)

रुपये करोडो में

आस्तियाँ	2019-20		2020-21		2021-22	
	बकाया	प्रावधान	बकाया	प्रावधान	बकाया	प्रावधान
मानक	2083.82	14.46	2030.05	5.77	2425.28	6.97
अवमानक	84.68	8.47	200.07	20.01	65.37	6.54
अशोध्य और संदिग्ध	666.52	433.36	614.26	405.83	573.84	411.90
हानि	59.17	59.17	39.88	39.88	36.49	36.49
कुल	810.37	501.00	854.21	465.72	675.70	454.93
कुल अग्रिम	2894.19	515.46	2884.26	471.49	3100.98	461.90

अनुपात विश्लेषण

	अनुपात	2019-20	2020-21	2021-22	
				राशि/ अनुपात	परिवर्तन का प्रतिशत
1	अग्रिम पर प्रतिफल	7.59	4.87	9.37	92.40
2	निवेशों पर प्रतिफल	7.59	7.31	7.25	-0.82
3	जमाओं की लागत	5.01	4.39	3.99	-9.11
4	उधारों की लागत	6.44	4.09	4.92	20.29
5	निधियों का औसत लागत	5.02	4.39	4.05	-7.74
6	निधियों का औसत प्रतिफल	7.42	6.31	8.02	27.10
7	प्रबधंन लागत	2.38	1.93	2.15	11.40
8	कार्यकारी निधियों की % के रूप में विविध आय	0.82	0.85	1.08	27.06
9	निवल मर्जिन	-1.85	-4.92	0.06	101.22
10	वित्तीय मर्जिन	2.31	1.88	3.69	96.28
11	जोखिम लागत	2.61	5.72	2.57	-55.07
12	आस्तियों पर प्रतिफल	-1.85	-4.94	0.03	100.61
13	व्ययों का अनुपात	75.82	71.15	45.23	-36.43
14	सकल एनपीए	810.37	854.21	675.7	-20.90
15	निवल एनपीए	309.37	388.5	220.77	-43.17
16	सकल एनपीए मे प्रावधान का %	61.82	54.52	67.33	23.50
17	सकल एनपीए में अग्रिमों का %	28	29.62	21.79	-26.43
18	निवल एनपीए में अग्रिमों का %	12.93	16.06	8.34	-48.07
19	सीआरएआर	-1.34	-16.01	3.44	121.49

तुलन पत्र

तुलन पत्र की राशि में मार्च 2021 के स्तर की तुलना में रु. 784.92 करोड की वृद्धि हुई और यह रु. 9972.19 करोड हो गई।

पूँजी

प्राधिकृत पूँजी

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम (संशोधित अधिनियम), 2015 के अनुसरण में बैंक ने अपने प्राधिकृत शेयर पूँजी को रु. 100/- प्रति शेयर के 5,00,000 ईक्विटी शेयरों की कुल रु. 5 करोड से रु. 10/- प्रति शेयर के 200,00,00,000 ईक्विटी शेयरों की कुल रु. 2,000 करोड तक बढाया।

प्रदत्त पूँजी

बैंक की प्रदत्त पूँजी रु. 9,70,37,30,600 (रु. 10/- प्रति शेयर के 97,03,73,060 शेयर) हैं, जो भारत सरकार, राज्य सरकार, भारतीय स्टेट बैंक द्वारा क्रमश: 50:15:35 के अनुपात में धारित है। भारत सरकार ने बैंक के पुन:पूंजीकरण के लिए डीएफ्एस पत्र संख्या F.No. 3/9/2020 - आरआरबी ता. 21.02.2022 के अनुसार रु. 683.31 करोड की स्वीकृति दी थी, जिसमे से हमें वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान केवल रु. 478.32 करोड प्राप्त हुआ है जो कि शेयर पुंजी जमा खाता में जमा किया हुआ है। शेष रु. 204.99 करोड प्राप्त होने बाद शेयर जमा प्रमाण पत्र सभी तीनो हितधारको को उसी अनुपात में दे दिया जाएगा।

स्थायी /बेमियादी बॉन्ड

नाबार्ड के निर्देश के अनुसार, सीबीएस के क्रियान्वयन की लागत राशि रु.8.13 करोड, प्रायोजक बैंक को स्थायी बॉन्ड जारी करने के लिये प्राप्त हुई है।

निवल संपत्ति

बैंक की निवल संपत्ति पिछले वित्तीय वर्ष के रु. - 404.72 करोड से रु. 488.80 करोड (120.77%) की बृद्धि के साथ रु. 84.08 करोड तक पहुँच गई।

पूंजी पर्याप्तता अनुपात 31.03.2021 की तुलना में जो -16.01% था, इस वर्ष के अंत में 3.44% तक पहुंच गया है।

पर्यवेक्षी कार्यवाही रुपरेखा (SAF) तथा त्वरित सुधारक कार्यवाही (PCA)

31.03.2018 की कमजोर वित्तीय स्थिति और उच्च एनपीए के कारण बैंक नाबार्ड के ग्रामीम बैंक के पर्यवेक्षी रुपरेखा दिशानिर्देशों दायरे में आया था। प्राम्प्ट करेक्टिव एक्शन (पीसीए) के लिए पर्यवेक्षी एक्शन फ्रेमवर्क (एसएएफ) पर और तदनुसार कार्यान्वयन के लिए वर्ष के दौरान अपनी रणनीतियों को रखा गया था।

i. कार्यन्वयन के लिए जोखिम प्रबंधन नीति, संशोधित निवेश नीति और ऋण नीति रखी गई है।
ii. एनपीए पोर्टफोलियो की विस्तृत विश्लेषण करके उपयुक्त रणनीतियां अपनाया गया। तथा मासिक निगरानी योग्य कार्य योजना (एमएपी) के साथ-साथ इसके प्रबंधन के लिए काम किया।
iii. उच्च एनपीए शाखाओंमें ऋण देने की क्षमता सीमित कर दी गयी
iv. ऋण समीक्षा तंत्र और मजबूत हुआ।
v. बेहतर गुणवत्ता परिसंपत्तियों की मंजूरी के लिए समूहिक संपर्क किया गया।
vi. ऋण प्रबंधन प्रक्रिया में सुधार लानेके लिए सीपीसी माडल के तहत ४ केन्द्रों पर परिसंपत्ति प्रबंधन हब (एएमएच) स्थापित किया गया।
vii. नई व्यवसाय में प्रवेश करने के बजाय जोखिम-भारित परिसंपत्तियों को शामिल करने के लिए असुरक्षित ऋणों पर प्रतिबंध लगाया गया।

viii. कम जोखिम भरे उत्पादों पर ध्यान - स्वर्ण ऋण, सिक्योरिटीज के खिलाफ ऋण, आवास ऋण, गुणवत्ता एसएमई ऋण (संपत्ति आधारित)।

ix. दीर्घकालिक जुडाव और लाभप्रदत्ता के लिए अच्छे निवेश ऋण प्रस्तावों का देख-भाल।

x. CGTMSE कवरेज की अनुपस्थिति में उच्च सुरक्षा समर्थन के साथ ऋण पर एकाग्रता।

xi. क्रेडिट मूल्यांकन और प्रणालियों में प्रशिक्षण और कौशल विकास एक सतत आधार पर केन्द्रित है।

xii. उच्च मूल्य वाले एनपीए अकाउंट की निगरानी करने तथा सूट दायर मामलों की निगरानी और अन्य सभी कानून साधनों के उपयोग से एनपीए खाातों को सुव्यवस्थित करने के लिए स्ट्रेस एसेट्स रिकवरी ब्रांच (SARB) का स्थापित किया गया।

xiii. उच्च लागत जमा को बंद करना और CASA जमा को बढाने पर ध्यान केन्द्रित करना।

xiv. एसबीआई लाइफ, एपीवाई, जनरल इंश्योरेंस के उत्पादों की क्रास सेलिंग और G-Sec और PSLC में ट्रेडिंग सहित शुल्क और कमीशन आधारित व्यवसाय पर अधिक ध्यान केंन्द्रित किया गया।

xv. AUCA वसूली के लिए अभियान शुरु किया गया तथा कर्मचारियों/ बैंक मित्रों के लिए प्रोत्साहन की व्यवस्था की गयी।

xvi. घाटे में चल रही शाखाओं को कम करने के लिए शाखा युक्तिकरण का प्रयास किये गये।

निम्न सारणी में टियर - I, टियर- II पूँजी, आरक्षितियाँ और पूँजी पर्याप्तता अनुपात की संगणना प्रस्तुत हैं :

	पुँजी	2019-20	2020-21	2021-22
1	टियर - I			
	अ. चुकता पूँजी	702.21	970.37	970.37
	आ. शेयर पूँजी जमा	227.94	0.00	478.32
	इ. लाभ व हानि खाते में अधिशेष	963.47	1375.09	1372.75
	कुल टियर-I पूँजी	**-33.32**	**-404.72**	**75.94**
2	टियर-II			
	अ. स्थायी/बेमीयादी बोण्ड	8.13	8.13	8.13
	आ. साधारण प्रावधान और आरक्षितियाँ	14.46	5.77	6.97
	कुल टियर-II पूँजी	**22.59**	**13.90**	**15.10**
	कुल योग (टियर-I + टियर-II) (जैसा कि टियर I पूँजी नकरात्मक है, टिर II पूँजी को CAR गणना के लिए नहीं ली गई है)	**-33.32**	**-404.72**	**91.04**
3	अ. वित्तपोषित जोखिम परिसंपत्तियों का समयोजित मूल्य, यानी, तुलन पत्र की मदें	2464.54	2501.90	2622.16
	आ. गैर-वित्तपोषित जोखिम परिसंपत्तियों का समयोजित मूल्य, यानी, तुलन पत्र की मदें	25.12	26.71	26.97
	इ. अ + आ	2489.66	2528.61	2649.13
	ई. जोखिम भारित परिसंपत्तियों में पूँजी (टियर-I + टियर II) का प्रतिशत	-1.34	-16.01	-3.44

जमाराशियाँ

जमाराशियाँ में मार्च 2021 की तुलना मे. 2.08% की वृद्धि दर से रु. 155.82 करोड की वृद्धि दर्ज की गई। 31.03.2021 की कुल जमाराशि रु. 7487.25 करोड की तुलना में 31.03.2022 को रु. 7643.07 करोड तक बढ गई।

रुपये करोडो में

जमा संमिश्रण

कासा जमाराशियाँ 31.03.2021 के रु. 4463.85 करोड की तुलना में 3.54% की दर से रु. 158.11 करोड की वृद्धि के साथ रु. 4621.96 करोड तक पहुँच गई। सावधिक जमाएँ पिछले वित्तीय वर्ष के रु. 3023.40 करोड की तुलना में -0.08% की दर से रु. 2.29 करोड की कमी के साथ रु. 3021.11 करोड तक पहुँच गई। कासा (सीएएसए) की हिस्सेदारी 31.03.2021 के 59.62% की तुलना में 31.03.2022 को 60.47% तक पहुँच गई ।

रुपये करोडो में

जमा संमिश्रण	31.03.20	31.03.21	31.03.22
चालु खाता	**122.70**	**132.14**	**128.14**
वृद्धि	13.07	9.44	-4.00
वृद्धि %	11.92	7.69	-3.03
बचत बैंक	**4045.88**	**4331.71**	**4493.82**
वृद्धि	417.89	285.83	162.11
वृद्धि %	11.52	7.06	3.74
कुल कासा	**4168.58**	**4463.85**	**4621.96**
वृद्धि	430.96	295.27	158.11
वृद्धि %	11.53	7.08	3.54
सावधि जमा	**2878.49**	**3023.40**	**3021.11**
वृद्धि	119.97	144.91	-2.29
वृद्धि %	4.35	5.03	-0.08
कुल जमाराशियाँ	**7047.07**	**7487.25**	**7643.07**
वृद्धि	550.93	440.18	155.82
वृद्धि %	8.48	6.25	2.08

उधार

31.03.2022 को बैंक की सकल उधार राशियाँ रु. 446.59 करोड है जो कि 31.03.2021 को यह रु. 353.03 करोड थी।

रुपये करोडो में

	संमिश्रण	2019-20	2020-21	2021-22	अंतर
1	नाबार्ड	0.27	353.03	446.00	92.97
2	राष्ट्रीय सपाई कर्मचारी वित्तिय विकास निगम	0.00	0.00	0.59	0.59
	कुल	0.27	353.03	446.59	93.56

निवेश

बैंक का कुल निवेश पोर्टफोलियो 31.03.2022 को बढकर 5398.46 करोड तक पहुँच गया है।

पिछले वर्ष के रु. 4784.10 करोड के स्तर की तुलना में इसमें 12.84% की दर से रु. 614.36 करोड की वृद्धि हुई है।

रुपये करोडो में

विवरण	31.03.20	31.03.21	31.03.22
एसएलआर	**3624.07**	**4191.90**	**4710.36**
वृद्धि	361.72	567.83	518.46
वृद्धि %	11.09	15.67	12.37
गैर एसएलआर	**5.50**	**3.50**	**2.25**
वृद्धि	-0.50	-2.00	-1.25
वृद्धि %	-8.33	-36.36	-35.71
अन्य बैंक के साथ सवधि जमा	**691.32**	**588.70**	**685.85**
वृद्धि	229.83	-102.62	97.15
वृद्धि %	49.80	-14.84	16.50
कुल निवेश	**4320.89**	**4784.10**	**5398.46**
वृद्धि	591.05	463.21	614.36
वृद्धि %	15.85	10.72	12.84

निवेश नीति

बैंक निवेश नीति वर्ष 2008 में बनायी गयी है ऐवं समय समय पर बोर्ड द्वारा उसकी समीक्षा / संशोधन और अनुमोदन किया जाता है। हालांकि वित्त वर्ष 2018-19 से हमने अपने प्रायोजक बैंक द्वारा परिचालित समान निवेश नीति को अपनाया है, जो आरबीआई के दिशा निर्देशों के अनुरुप है, जिसकी बोर्ड द्वारा वित्त वर्ष 2021-22 में समीक्षा की गई है।

एसएलआर निवेश

एसएलआर की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैकिंग विनियमन अधिनियम 1949 के धारा 24 की शर्तों के अनुसार, बैंक ने नीति में वर्णित क्षेत्रों में निवेश किए हैं। सभी एसएलआर निवेश केवल भारत सरकार / राज्य सरकार प्रतिभूतियों / सोवरेन गोल्ड बोन्ड में किये गए है। सरकारी प्रतिभूतियों की खरीदी तथा बिक्री भारतीय स्टेट बैंक के पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवा विभाग द्वारा किया जाता है।

गैर-एसएलआर निवेश

गैर-एसएलआर निवेशों को अन्य अनुसूचित बैंको के टीडीआर/म्युचुअल फंड्स में निवेश किया जाता है। मूल और ब्याज की शीघ्र प्राप्ति के लिए उस पर नजर रखते है और उस पर आगे की कार्यवाही करता है। गैर-एसएलआर निवेश पोर्टफोलियो से आय के रिसाव का कोई दृष्टांत नहीं हुआ है।

सीआरआर एवं एसएलआर

बैंक ने आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) और सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर) की पर्याप्त शेष राशियों के रखरखाव

की नियामक आवश्यकताओं को पूरा किया है। बैंक में एनडीटीएल को ध्यान में रखते हुए सीआरआर और एसएलआर के मूल्यांकन को अच्छी तरह से तैयार करने की व्यवस्था है। वर्ष के दौरान पर्याप्त शेष राशियों के रखरखाव में कोई चुक नहीं हुई थी, बैंक ने 31.03.2022 तक सीआरआर में रु.320.58 करोड और एसएलआर में रु.4710.36 करोड रखे है।

ऋण संविभाग

बैंक का ऋण संविभाग 31.03.2022 वित्तिय वर्ष के अंत में रु.3100.98 करोड है, जो कि पिछले वर्ष रु.2884.26 करोड था। इस प्रकार ऋण संविभाग में रु.216.73 करोड की वृद्धि हुई है। बर्ष 2021-22 में यह वृद्धि मुख्यत: रु. 104.88 करोड KCC में ,रु. 78.56 करोड SHG में, रु. 25.72 करोड गृह ऋण और रु. 73.61 करोड स्वर्ण ऋण मे है ।

कृषि क्षेत्र को ऋण

कृषि संबंधित गतिविधियों समेत तथा एसएचजी ऋण के कृषि - अंश सहित, कृषि क्षेत्र को दिए गए ऋण 31.03.2022 को रु.2039.99 करोड रहे जबकि 31.03.2021 को ये रु.1902.42 करोड था। इस प्रकार इस में रु.137.57 करोड की वृद्धि, KCC और SHG में वृद्धि के कारण हुई है। कृषि क्षेत्र में बैंक के ऋण खातो की कुल संख्या वर्ष 2020-21 में 298071 थी जो वर्ष 2021-22 में घटकर 287401 हो गई है। 27015 कृषि ऋण खाताओं की कमी रु.119.44 करोड राशि के अपलिखित करके ओर NPA में कमी के कारण हुई है।

बैंक ने गत वर्ष के रु. 1020.96 करोड के संवितरण की तुलना में इस वर्ष के दौरान कृषि क्षेत्र को रु. 1439.40 करोड के ऋणों का संवितरण किया है। KCC और SHG में नवीनीकरण के कारण, ऋण संवितरण में रु.418.44 करोड की संतोषजनक वृद्धि हुई है।

पिछले वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर कुल ऋण संविभाग में खेती और सहायक गतिविधियों का कुल ऋण संविभाग 65.95% था। 31.03.2022 को समाप्त आलोच्य वर्ष में इस संविभाग में 65.78% तक कमी आई। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में वित्तीय वर्ष 2021-22 में, व्यक्तिगत ऋण में महत्वपुर्ण वृद्धि हुई है जिससे बैंक का कुल ऋण संविभाग बढ.गया है और जिसके कारण कृषि क्षेत्र के हिस्सेदारी में कमी आई है ।

संशोधित किसान क्रेडिट कार्ड सिस्टम में फसल ऋण

भारत सरकार और नाबार्ड के दिशा निर्देशानुसार, हमने खरीफ-2012 से फसल ऋण उधारकर्ताओं के लिए संशोधित किसान क्रेडिट कार्ड सिस्टम को लागू किया है। ऋण सीमा को 5 साल के लिए निश्चित किया जाता है और दस्तावेज अधिकतम अनुमेय सीमा के लिए प्राप्त किया जाता है। वर्ष वार सीमा को वित्तपोषण के वर्तमान पैमाने के आधार पर और निवेश की भावी लागत को ध्यान में रखते हुए निश्चित किया जाता है।

हमने पिछले वित्तीय वर्ष में. रु.1216.36 करोड के बकाया क्रेडिट के साथ 234266 किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गये थे। जबकी आलोच्य वर्ष में रु.1329.22 करोड बकाया क्रेडिट के साथ 229434 किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गये।

वर्ष 2021-22 के दौरान, हमने 161580 केसीसी कार्ड धारकों को रु. 1007.62 करोड की राशि संवितरित की जबकि वर्ष 2020-21 के दौरान ये आँकडे क्रमश: 124159 कार्ड धारक एवं रु 746.76 करोड थे।

ब्याज अनुदान (भारत सरकार)

बैंक ने भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार सभी फसल ऋण उधार कर्ताओं के लिए, जिन्होंने 3.00 लाख रुपये तक ऋण लिए है, 7% प्रति वर्ष (अग्रिम)की ब्याज दर लागू की है, भारत सरकार इस पर 2% प्रतिवर्ष की दर से अनुदान प्रदान कर रहा है । वर्ष 2021-22 के दौरान 2% ब्याज के अनुदान पर भारत सरकार से रु.10,07,17,740/- रुपये की राशि का दावा किया है । भारत सरकार द्वारा दिए गये निर्देशों के अनुसार हमने तुरंत वापसी भुगतान करने वाले किसानों के लिए दी गई ब्याज पर 3% प्रोत्साहन राशि को संबंधित लाभभोगियों को अग्रेषित कर दिया है जो कि रु. 2,56,96,472/- है और तदानुसार भारत सरकार को दावा प्रस्तुत किया गया है।

फसल ऋण - ब्याज अनुदान (ओडिशा सरकार)

ओडिशा सरकार ने 2015-16 से रु.3.00 लाख सीमा तक फसल ऋण लेने वालों के लिए 2%तक ब्याज अनुदान लागू की है। SLBC/ODI/76/2015-16 के अनुसार, किसानों को यह 2% ब्याज अनुदान दिया जाता है और उनसे सभी फसल ऋणों में 5% ब्याज दर ली जाती है। इस योजना के तहत, किसानों को ब्याज के 2% हिस्से का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। हमने वर्ष 2021-22 के दौरान प्रतिपूर्ति के लिए रु.13,22,90,891/- का अपना दावा ओडिशा राज्य सरकार को भेजा है। इस के अलावा ओडिशा सरकार रु.50,000/- सीमा तक की फसल ऋण लेने वालों को 1% अतिरिक्त ब्याज अनुदान प्रदान कर रहा है, और KALIA योजना के हिताधिकारियों को भी 1% अतिरिक्त ब्याज अनुदान प्रदान कर रहा है। हमने 2021-22 के दौरान रु.91,64,281/- का अपना दावा रु.50,000/- सीमा तक वालों को 1% ब्याज अनुदान और और KALIA योजना के हिताधिकारियों को भी 1% अतिरिक्त ब्याज

अनुदान की दर से रु.51,63,519.00 का दावा ओडिशा सरकार को भेजा है एवं यह राशि प्राप्त होने पर लाभार्थीयों को प्रदान किया जाएगा ।

ग्राम सभाओं का आयोजन

ग्राहकों को, विशेषतया किसानों को अपने फसल ऋणों को नवीकृत करने के लिए सभी शाखाओं द्वारा ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया है। कोविड १९ के बावजूद किसानों को कवर करने के लिए सुबह और शाम के समय इन सभाओं का आयोजन किया गया है और फसल बीमा योजना के परिलाभों के लिए योग्य बनने के लिए अपने फसल ऋण खातों के नवीकरण करने की आवश्यकता से उन्हें सुग्राहित कर दिया गया है। शाखा परिचालन कर्मचारियों के अलावा, क्षेत्रीय और प्रधान कार्यालय के अधीनस्थ कर्मचारी तक सब ने इन ग्राम सभाओं में भाग लिया। इस से अच्छे परिणाम निकले और फसल ऋण खातों को नवीकरण योजना का सफल कार्यान्वयन किया गया।

स्वयं सहायता समूह

आलोच्य वर्ष के दौरान हमारे बैंक ने (लगभग 4.00 लाख ग्रामीण महिलाओं को कवर करते हुए) 43278 स्वयं सहायता समूहों को वित्तपोषित किया। 31.03.2022 को इसका बकाया शेष रु.475.40 करोड रहा है।
वर्ष के दौरान बैंक ने 28404 समूहों को रु. 378.48 करोड वितरित किया।



एसएचजी - ब्याज अनुदान

- महिला स्वयं सहायता समूह के लिए DAY-NRLM अंतर्गत 2021-22 आर्थिक वर्ष में ब्याज अनुदान योजना

इस योजना के अंतर्गत एनआरएलएम अथवा केंद्र व राज्य सरकार के अन्य विभागों अथवा नाबार्ड या किसी गैर सरकारी संगठन द्वारा संवर्धित ऐसे संपूर्ण महिला स्वयं सहायता समूह, जो हमारे बैंक से सम्बंन्धित है, योजना का लाभ लेने हेतु पात्र है। योजना के लिए भारत सरकार ने श्रेणी - 1 के अंतर्गत पूरे देश में 250 पिछड़े जिलों की पहचान की है। जिनमें से हमारे अधिसूचित क्षेत्र में चौदह जिले बलांगिर, देबगढ, गजपति, गंजाम, कालाहांडी, कंधमाल, कोरापुट, मलकानगिरी, नबरंगपुर, नुआपाडा, रायगढ, संबलपुर, सोनपुर और सुंदरगढ है। इन चौदह जिलों कि ऐसी सभी महिला स्वयं सहायता समूह 3 लाख रुपये तक के ऋण पर 7% व्याज अनुदान पाने योग्य है, तथा अतिरिक्त 3% व्याज अनुदान त्वरित भुगतान पर पाने योग्य है। इस तरह इन्हे 7% की दर से ऋण का भुगतान अधिकतम 3 लाख तक किया गया है और सरकार 7% तथा वास्तविक व्याज दर (12.50%) के बीच के अंतर के बरावर तक की व्याज की सहायता देगी , बशर्ते वह 5.50% से अधिक ना हो। इस संबध में हमने भारत सरकार से वर्ष 2021-22 में रु. 11,72,76,526/-, 5.5% ब्याज अनुदान में और रु. 5,46,28,059/-, 3% त्वरित भुगतान ब्याज अनुदान के लिए दावा किया है।

ओडिशा सरकार द्वारा लाई गई मिशन शक्ति योजना जो की महिला स्वयं सहायता समूह की बेहतर दृश्यक और उनमें बेहतर जागरुकता लाने के लिए लाई गई है, जिसके द्वारा ओडिशा सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूहों को 0% वर्षिक दर पर ऋण दे कर उन पर व्याज भार कम कर दिया है। इसमें ग्रामीण और शहरी महिला स्वयं सहायता समूह शामिल है, बशर्ते ऋण 3 लाख रुपये तक हो। यह सुबिधा 1 अप्रेल 2019 से राज्य व्याज अनुदान योजन के तहत उनको प्रमोट करने वाली एजेंसीओं की परवाह किए बिना उपलब्ध है। ओडिशा सरकार के मिशन शक्ति विभाग ने स्वयं सहायता समूह के बैंक लिंकेज और व्याज अनुदान के लिए BLIS पोर्टल विकसित किया है, जिसके द्वारा उपयुक्त व्याज अनुदान की गणना की जाती है और उसे योग्य महिला स्वयं सहायता समूह के खातो में डि.बि.टी के द्वारा जमा कर दिया जाता है । हमारे बैंक ने ओडिशा सरकार के मिशन शक्ति विभाग के साथ महिला स्वयं सहायता समूह की जानकारी BLIS पोर्टल पर साझा करने के लिए MOU पर हस्ताक्षर किया हैं । तदानुसार हमारे बैंक की आवश्यक स्वयं सहायता समूह की जानकारी वित्त वर्ष 2021-22 के लिए ओडिशा सरकार के BLIS पोर्टल पर डाल दी गयी है, जिससे संबधित विभाग उपयुक्त ब्याज अनुदान की राशि

महिला स्वयं सहायता समूह के खातो में डि.बि.टी के द्वारा जमा कर देता है ।

श्रेणी -2 के जिलें जो की बरगड, बौध और झारसुगुडा जो हमारे कार्य क्षेत्र में आते हें इनमें सभी महिला स्वयं सहायता समूह को ब्याज अनुदान में किसी भी प्रकार की रियायत भारत सरकार द्वारा प्रदान नही की जाती है, जिसके कारण हमारे बैंक की ब्याज दर इन सभी महिला स्वयं सहायता समूह के लिए इन जिलों में 12.50% है ।हालाकिं ओडिशा सरकार के मिशन शक्ति विभाग इन महिला स्वयं सहायता समूहों को इन तीन जिलों में BLIS पोर्टल के द्वारा जैसा कि उपर बताया गया है ब्याज अनुदान प्रदान करता है ।

प्राथमिकता क्षेत्र को ऋण सहायता

आरबीआई के परिपत्र संख्या एफआईडीडी.सीओ. योजना बीसी सं. 14/04.09.01/2016-17 दिनांक 7 जुलाई, 2016 की शर्तो के अनुसार अतिदेय ऋणों का 75 प्रतिशत प्राथमिकता क्षेत्र के होने चाहिए, जो 01.01.2016 से प्रभावी है। जिनमें (अ) कृषि (खेती ऋण, कृषि अवसंरचना, आनुषंगिक गतिविधियाँ), (आ) सूक्ष्म, छोटे एवं मध्यम उद्यम (उत्पादन एवं सेवा क्षेत्र, खादी एवं ग्रामीण उद्योग और पीएमजेडीवाई के ओवर ड्राफ्ट), (इ) शिक्षा ऋण, (ई) आवास ऋण, (उ) सामाजिक अवसंरचना ऋण (ऊ) नवीकरणीय ऊर्जा (ऋ) कमजोर वर्ग (ए) अन्य (एसएचजी/जेएलजी), व्यथित व्यक्ति, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के लिए गठित सरकार द्वारा प्रायोजित संस्थाओं के लिए) शामिल है।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको के लिए प्राथमिकता क्षेत्र को दिए जाने वाले ऋणों का लक्ष्य बकाये अग्रिमों का 75% है। इस के अंतर्गत निर्धारित उप-क्षेत्रीय लक्ष्य निम्न प्रस्तुत है :

श्रेणी	लक्ष	% में हमारी स्थिति
कुल प्राथमिकता क्षेत्र	कुल अतिदेयताओं का 75%	87.73
कृषि	कुल अतिदेयताओं का 18%	65.79
छोटे व सीमांत किसान	कुल अतिदेयताओं का 8%	49.42
सूक्ष्म उद्यम	कुल अतिदेयताओं का 7.50%	7.54
कमजोर वर्ग	कुल अतिदेयताओं का 15%	55.91

रुपये करोडो में

क्र. सं.		2019-20		2020-21		2021-22	
		खातो की संख्या	बकाया	खातो की संख्या	बकाया	खातो की संख्या	बकाया
1.	कमजोर वर्ग	142002	1039.37	134514	1028.47	211466	1733.84
2.	महिला ऋण ग्राहक	30149	715.73	92730	738.42	101567	888.68
3.	अल्प संख्यक वर्ग	16660	59.41	14400	50.30	13992	51.08
4.	अजा/अजजा	171595	1128.73	145238	1010.93	146983	1030.95

प्राथमिकता क्षेत्र ऋण प्रमाण पत्र

प्राथमिकता क्षेत्र ऋण प्रमाण पत्र (पीएसएलसी) के संदर्भ में भारतीय रिजर्व बैंक के मास्टर परिपत्र संख्या एफआईडीडी.सीओ.योजना बीसी 23/04.09.01/2015-16 दिनांक 07.04.2016 के अनुसार ई-कुबेर पोर्टल पर विपणन एक सतत् प्रक्रिया है। विपणित किए सभी पीएसएलसी ३१ मार्च को समाप्त हो जाते हैं ,जो कि रिपोर्टिंग तिथि के बाद से वैध नहीं है भले ही उनकी खरीदी बिक्री की तारीख जो भी हो ।

हमने वित्त वर्ष 2017-18 से ई-कुबेर पोर्टल में कारोबार करना शुरु किया है। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान हमने रु.850.00 करोड का शुद्ध पीएसएलसी कारोबार किया है तथा शुद्ध प्रीमियम लाभ रु. 17.72 करोड है, जबकि पिछले वर्ष रु. 24.10 करोड का प्रीमियम लाभ हुआ था।

राज्य की ऋण योजनाओं में भागीदारी

रुपये करोडो में

		2019-20		2020-21		2021-22	
		लक्ष्य	प्राप्ति	लक्ष्य	प्राप्ति	लक्ष्य	प्राप्ति
1.	फसल ऋण	1106.83	870.02	1217.52	746.76	1335.31	1007.63
2.	कुल कृषि तथा संबद्ध गतिविधियाँ	563.98	151.64	617.63	274.20	647.19	43.78
3.	एनएफएस	450.90	950.87	495.99	1104.74	817.45	855.43
4.	ओपीएस	251.16	25.21	279.02	25.64	393.88	58.06
5.	कुल प्राथमिकता	2372.87	1997.74	2610.16	2151.34	3193.83	2352.89
	उपलब्धि का %		84.19%		82.42%		73.66%

खुदरा ऋण

वर्ष के दौरान आवास ऋण, शिक्षा ऋण, बंधक ऋण, व्यक्तिगत ऋण, एमएसएमई, आदि खुदरा क्षेत्र के ऋणों के अंशदान को बढाने हेतु हमने विशेष ध्यान दिया। लाभ प्रदता को बढाने के लिए ऋण संविभाग के विशाखन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कर, परिचालन कर्मचारियों के क्षमता वर्धन को उच्च प्राथमिकता दी गयी।

वर्षान्त स्थिति इस प्रकार है :

रुपये करोडो में

	क्षेत्र	बकाया					
		31.03.2020		31.03.2021		31.03.2022	
		खाते	राशि	खाते	राशि	खाते	राशि
	आवास ऋण	4075	196.11	3682	184.87	3638	210.59
	बंधक ऋण	127	15.70	113	12.13	97	11.51
	शिक्षा ऋण	412	10.93	308	8.18	221	5.74
	मांग ऋण	6930	56.86	6974	66.53	7023	78.31
5	एनएफएस - सावधि ऋण/एमएसएणई	19870	415.97	15929	428.91	12380	398.11
6	वैयक्तिक ऋण	1782	28.06	1419	24.86	1296	22.96
7	वैयक्तिक स्वर्ण ऋण	43415	197.56	51234	273.36	60087	346.60
	कुल	**76611**	**921.19**	**79659**	**998.84**	**84742**	**1073.82**

भारतीय प्रतिभूतिकरण, आस्ति पुन: निर्माण एवं प्रतिभूति केंद्रीय पंजी (सेंट्रल रजिस्ट्री ऑफ सेक्यूरिचाइजेशन, एसेट रीकंस्ट्रक्शन एंड सिक्युरिटी इंटरेस्ट ऑफ इंडिया - सी.ई.आर.एस.ए.आई.)

हमारे बैंक ने आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुरुप सीईआरएसएआई में पंजीकरण करा लिया है और अनुदेशों का अनुपालन किया। वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुन: संरचना एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनिमय) द्वारा 31.03.2022 तक रक्षित हमारे सभी ऋणों के संबंध में साम्यिक बंधकों का सीईआरएसएआई में पंजीकरण करा लिया गया है।

इसके साथ, हमारे बैंक के पक्ष में सृजित प्रतिभूति हित का विस्तृत विवरण नागरिकों/अन्य बैंको/वित्तीय संस्थाओं आदि द्वारा खोजे जाने के लिए सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है। इसके परिणामस्वरुप, धोखाधडी एक ही संपत्ति पर एक से ज्यादा वित्तपोषण की रोकथाम की जा सकती है।

साख सूचना कंपनियाँ

हमारा बैंक चार क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) का सदस्य है, यथा - भारतीय शाख सूचना ब्युरो लिमिटेड, सीआरआईएफ हाइ मार्क क्रेडिट इनफर्मेशन सर्वीसेज प्राइवेट लिमिटेड, ईक्वी फैक्स क्रेडिट इनफर्मेशन सर्वीसेज प्राईवेट लिमिटेड और एक्सपीरियन क्रेडिट इनफर्मेशन कंपनी ऑफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड। सीआईसी बैंकों और अन्य ऋणदाताओं से मासिक आधार पर ऋण और क्रेडिट कार्ड से संबन्धित व्यक्तियों और गैर-व्यक्तियों (वाणिज्यिक संस्थाओं) के भुगतानों का रिकार्ड एकत्र करते है और बनाए रखते है। इस जानकारी का उपयोग करके क्रेडिट इंफार्मेशन रिपोर्ट (CIR) और क्रेडिट स्कोर विकसित किया जाता है, जिससे ऋणदाता ऋण आवेदनों का मूल्यांकन और अनुमोदन कर सकते है।

हमारा बैंक CIC के वेब पोर्टाल पर डाटा का अपलोडिंग नियमित रुप से करता है और हमारे सभी क्षेत्रीय कार्यालय और शाखाएं अपने ऋण निर्णयों में ऋण आवेदनों के साख इतिहास की जानकारी प्राप्त कर रहे है।

आस्ति गुणवत्ता -

क्रेडिट प्रस्तावों के केंद्रीकृत प्रसंस्करण के लिए ब्रह्मपुर, संबलपुर, बरगड और झारसुगुडा जैसे ४ केन्द्रों में आस्ति प्रबंधन केन्द्र (AMH) की स्थापना की गयी है । यह लागत प्रभावी तरीकों और व्यवसाय उन्मुख दृष्टिकोण का उपयोग करके गुणवत्तापूर्ण संपत्ति के निर्माण और बैंक के प्रदर्शन में सुधार के लिए एक उपकरण के रुप में कार्य कर रहा है । वर्तमान में यह ४ केन्द्र भौगलिक निकटता, परिचालन सुबिधा और व्यवसायिक स्तर के आधार पर ४४ शाखाओं के लिए काम कर रहे हैं ।

बर्ष के दौरान बैंक ने क्रेडिट एप्लिकेसन प्रोसेसिंग सिस्टम को स्वचालित करने का निर्णय लिया है और एक सफ्टवेयर का चयन किया है जिसे लोन ओरिजिनेटिंग सफ्टवेयर (LOS) कहा गया है । साफ्टवेयर के तीन प्रमुख शीर्ष है - खुदरा, एमएसएमई और कृषि । LOS, BANCEDGE को वास्तविक समय में डेटा भेजता एवं उससे प्राप्त करता है । इस साफ्टवेयर का कृषि भाग क्रियान्वित किया जा चुका है और अन्य दो भाग भी क्रियान्वित होने वाले है ।

कोभिड-१९ महामारी से प्रभावित इकाइयों को संपाशश्विक मुक्त ऋण प्रदान करने के लिए, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग के माध्यम से भारत सरकार ने अतिरिक्त कार्यशील पूंजी अवधी ऋण के लिए 100% गारंटी कवरेज प्रदान करने के लिए आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ECLGS) की शुरुआत की है । यह नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्ट कंपनी लिमिटेड (NCGTC) द्वारा गारंटीकृत है ।

अनर्जक आस्तियों का प्रबंधन

अनर्जक आस्तियाँ 31 मार्च 2021 के रु.854.21 करोड़ से 31.03.2022 को रु.675.70 करोड़ तक, यानी कुल रु.178.51 करोड़ तक कम हो गई।

कुल अग्रिमों के प्रतिशतता के रुप में सकल एनपीए 31.03.2021 के 29.62% से कम हो कर 31.03.2022 को 21.79% तक आ गया है। निवल एनपीए (निवल अग्रिमों के प्रतिशतता के रुप में) 16.06% से कम हो कर 8.34% हो गया है। निवल एनपीए रु. 388.50 करोड़ से कम हो कर रु.220.77 करोड़ हो गया है।

आस्ति वर्गीकरण : रुपये करोडो में

आस्थियाँ	2019-20		2020-21		2021-22	
	बकाया	%	बकाया	%	बकाया	%
मानक	2083.82	72.00	2030.05	70.38	2425.28	78.21
अवमानक	84.68	2.93	200.07	6.94	65.37	2.11
अशोध्य एवं संदिग्ध	666.52	23.03	614.26	21.30	573.84	18.51
हानि	59.17	2.04	39.88	1.38	36.49	1.18
कुल एन्पीए	810.37	28.00	854.21	29.62	675.40	21.79
कुल अग्रिम	2894.19	100.00	2884.26	100.00	3100.98	100.00

एनपीए में कमी के लिए रणनीतियाँ

एनपीए की कटौती/रोकथाम के लिए निम्न उपाय अपनाए गए

1. निगरानी योग्य कार्य योजना (एमएपी) त्रैमासिक आधार पर तैयार की गई और आरबीआई, नाबार्ड को प्रदान की गई और निष्पादित कार्य समीक्षा के लिए बोर्ड को प्रस्तुत किया गया।

2. अधिक एनपीए वाली शाखाओं द्वारा नए ऋण की मंजूरी पर प्रतिबंध, उन्हें एनपीए की केंद्रित निगरानी और पूनर्पाप्ति / उन्नयन के लिए स्वतंत्र किया गया।
3. शाखा वार और क्षेत्रवार लक्ष्य अलग-अलग मापदंडों के तहत आवंटित किए गए हैं जिनका उद्देश्य नियमित आधार पर निगरानी करना है।
4. एन पि ए कि कमी/वसूली के लिए शाखाओं की निगरानी , सहयता तथा मार्गदर्शन के लिए, सेवानिवृत्त अधिकारीयों को क्षेत्रीय कार्यालयों के वार् रुम में तैनात कियागया ।
5 दबावग्रस्त परिसंपत्तियों की निगरानी के लिए आस्ति निगरानी केन्द्र की स्थापना मुख्य कार्यालय में किया गया है ।
6. उच्च मूल्य ऋण की मासिक समीक्षा बकाया के आधार पर नियंत्रकों द्वारा किए गए -
   अ. रु 2 लाख से रु. 5 लाख - प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रबंधक अग्रिम द्वार।
   आ. रु. 5 लाख से अधिक - क्षेत्रीय प्रबंधकों द्वारा
   इ. 10 लाख से ऊपर - संबंधित महाप्रबंधकों द्वारा नियमित पखवाडा समीक्षा और अध्यक्ष द्वारा मासिक समीक्षा
7. उच्च मूल्य एनपीए के अनुवर्तन और वसूली के लिए SARB का सुदृढीकरण।
8. अधिक एनपीए वाली शाखाओं को, अनुवर्तन करते हुए एनपीए को कम करने के लिए, प्रधान कार्यालय / क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों के बीच आबंटित किया गया।
9. शाखाओं के प्रदर्शन को जानने के साथ-साथ उनके बीच प्रतिस्पर्धात्मक माहौल बनाने के लिए इंट्रानेट साइट को मजबूत किया गया।
10. क्षेत्रीय कार्यालय / प्रधान कार्यालय अधिकारियों द्वारा एनपीए उधारकर्ताओं को टेलीफोन / व्यक्तिगत कॉल।
11. वसूली-सह-नवीकरण शिविरों और रात्रि शिविरों का आयोजन।
12. प्रदर्शन समीक्षा बैठकों और एनपीए समीक्षा बैठकों के दौरान उच्च मूल्य एनपीए पर विशेष ध्यान।
13. एनपीए में कमी और प्रगति की निगरानी के लिए तीन अलग-अलग अभियान चलाए गए।
14. जब्ती और नीलामी में शीघ्रता आई।
15. सरफेसी अधिनियम अधिनियम के तहत कारिवाई - 13(2) व 13(4) नोटिस जारी की गई और कब्जे और नीलामी की गई।
16. डीआरटी मामलों की दायर करना और उसकी निगरानी तेज की गयी।
17. बोर्ड के अनुमोदन के साथ विशेष ओटीएस रु.5.00 लाख तक के ऋणों के लिए लागू किया गया है।
18. लोक अदालतों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई।
19. बैंक अदालत हर महीने नियमित रुप से आयोजित की गई।
20. नियमित वसूली के साथ-साथ, आवश्यक प्रशिक्षण के बाद 24 योग्य बीसी-सीएसपी को वसूली एजेंटों के रुप में तैनात किए गए है।
21. सरफेसी क्रिया के लिए समाधान ऐजेन्सियों को लगाया गया है ।

ऐसी रणनीतियों के मुख्य परिणाम निम्नानुसार है :

एनपीए न्यूनीकरण अभियान

एनपीए कम करने के लिए 3 अभियान को चालू किया गया - केसिसि ऋणके लिए "कितना बाकि रहा", एस.एच्.जि. ऋणके लिए "एस.एच्.जी. नवीकरण", SME और अन्य P-सेगमेंट ऋण की कमी के लिए "स्टार शाखा अभियान"। पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान इन तीन अभियानों के तहत उपलब्धियां निम्नानुसार है :

रुपये करोडो में

कितना बाकि राहा		एस्.एच्.जि. नबीकरण		स्टार शाखा अभियान	
खातों की संख्या	वसूली	खातों की संख्या	वसूली	खातों की संख्या	वसूली
30165	161.71	5167	39.63	7343	66.34

NPA ह्रास करने के लिए 01.07.2021 'UGB Special OTS 2021-22' नामक नया अभियान चालु किया गया।

रुपये करोडो में

31.03.2022 को UGB Special OTS अभियान के उपलब्धियां			
खातों की संख्या	बकाया राशि	तय राशि	वसूली राशि
8462	54.13	35.04	23.42

शाखाओं द्वारा रात्रि शिविर / ऋण आदाय शिविर आयोजित किए गए। 3548 शिविरों के माध्यम से रु. 70.01 करोड रुपये वसूल किए गए। SARFAESI कारवाई से 347 खाताओं से रु. 3.71 करोड वसूली किया गया ।

AUCA वसूली के लिए 01.07.2021 से 'Conquer AUCA' नामक नया अभियान चालु किया गया एवं ईस अभियान में 31.03.2022 तक रु. 23.69 करोड वसूल किया गया , जबकि 31.03.2021 तक इस में रु. 10.75 करोड वसूल किया गया था।

तनावग्रस्त संपत्ति वसूली शाखा

चापग्रस्त संपत्ति वसूली शाखा (SARB) को उच्च मूल्य एनपीए खातों को संभालने के लिए मजबूत किया गया और शाखाओं से उच्च ऋणों के प्रवास के लिए और कानूनी कारवाई /SARFAESI कारवाई शुरु / जारी रखने के लिए सौंपा गया। SARB 141उच्च मूल्यों के NPA खातों के रु.30.22 करोड एवं 61 AUCA खातों के रु. 11.24 करोड बकाया को संभाल रहा है।

2021-22 वित्त वर्ष के दौरान SARB द्वारा रु. 7.94 करोड की NPA वसुली एवं रु. 5.32 करोड मूल्य के 15 समझौता प्रस्ताव स्वीकृत किये गये है।

समझौते द्वारा निपटान

वर्ष 2021-22 के दौरान बैंक ने समझौतों द्वारा निपटान के अंतर्गत कई वर्षों से अतिदेय रहे ,एनपीए खातों में अधिक मात्रा में वसूलियाँ की।

रुपये करोडो में

समझौता	2019-20	2020-21	2021-22
खातों की संख्या	8640	5693	9383
राशि	51.97	49.10	51.17

लोक अदालत, बैंक अदालत, UGB Special OTS, Special OTS for Tractor एवं अन्य समझौता द्वारा यह निपटान कि गई है।

आंतरिक नियंत्रण प्रणाली - निरीक्षण व लेखा परीक्षा

बैंक की सभी क्रिया-कलाप आंतरिक लेखा परीक्षा के अधीन हैं, जिसमें मुख्य रुप से सभी शाखाओं के लिए लागू जोखिम केन्द्रित लेखा परीक्षा (आरएफआईए) शामिल है। बैंक के 50% कारोबार को समवर्ती ऑडिट, 1 करोड से ऊपर के ऋण खातों के लिए क्रेडिट ऑडिट, तथा आवश्यकतानुसार क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा स्नैप ऑडिट और नवप्रवर्तित अनुपालन ऑडिट किए गए है।

जोखिम केन्द्रित लेखा परीक्षा (आरआईएफए)

हमारे प्रायोजक बैंक, भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सुझाये, जोखिम केन्द्रित लेखा परीक्षा (आरएफआईए) बैंक में अगस्त - 2013 से शुरु किया गया है। मानदंडों को और कठिन बनाने , बैहतर रेटिंग के लिए योग्य बनने हेतु बैंक ने निरीक्षण रेटिंग के न्यूनतक मानदंडों को दिनांक 08.11.2016 से परिवर्तित किया है। लेखापरीक्षा प्रणाली को और मजबूत करने के लिए, हमारे प्रायोजक बैंक द्वारा सलाह के अनुसार जोखिम केन्द्रित लेखा परीक्षा (आरएफआईए) का नया प्रारुप बैंक में 30.12.2017 से शुरु किया गया है।

वर्ष के दौरान 287 शाखाओं की लेखा परीक्षा होनी थी और 212 शाखाओं की लेखा परीक्षा की जा चुकी है। 212 शाखाओं द्वारा प्राप्त रेटिंग निम्नवत् है :

रेटिंग	वर्ष 2021-22 के दौरान लेखा परिक्षित 212 शाखाओं में से
खूब नियंत्रित - A+	02
पर्याप्त नियंत्रित - A	208
साधारण रुप से नियंत्रित - B	02
असंतोषजनक नियंत्रण - C	Nil
कुल योग	212

302 लेखापरीक्षा रिपोर्टो में से, जो वर्ष के दौरान बंद होने की थीं , 216 का अनुपालन किया गया है और निपटाया गया है।

संगामी लेखा परीक्षा

हमारे बैंक में आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के एक हिस्से के रुप में, नाबार्ड द्वारा जारी किये गये नीति निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2017-18 से संगामी लेखा परीक्षा शुरु की गयी है। कर्मचारी उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए 14 लेखा परीक्षकों की सहायता से 84 शाखाओं में संगामी लेखा परीक्षा की जाती है। हम अनुबंध आधार पर सेवा निवृत्त बैंक अधिकारियों को संगामी लेखा परीक्षक नियुक्त करते है।

संगामी लेखा परीक्षा इस आशय से तैयार किया गया है कि वह (१) नकद धारण (२) प्रतिभूतियों की अभिरक्षा (३) विवेकाधिकारों का प्रयोग (४) विविध और उचंत खाते (५) समाशोधन के अंतर (६) तुलन पत्र की बाह्य मदें, सुरक्षा मद, आस्ति गुणवत्ता की जाँच, आदि कवर करे।

इनके अलावा, कार्य क्षमता स्तरों को बढाने के लिए निम्न लेखा परीक्षाएं भी की गयी है।

सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा

बैंक का डाटा सेंटर हर साल सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा के अधीन होता है। CISA योग्य ऑडिटर की मदद से 8 क्षेत्रीय कार्यालयों और प्रमुख कार्यालय में IS ऑडिट भी आयोजित किया गया। सीमित आईटी आर्किटेक्चर वाली शाखाएं RFIA ऑडिट के दौरान कवर की जाती है।

क्रेडिट ऑडिट

वित्तवर्ष 2020-21 के दौरान सभी 24 योग्य ऋण खातों को क्रेडिट ऑडिट के अधीन किया गया और उनकी ऑडिट रिपोर्ट का अनुपालन किया गया और निपटाया गया। वित्तवर्ष 2021-22 के दौरान क्रेडिट ऑडिट नही किया गया ।

बोर्ड की लेखा समिति

बैंक बोर्ड की लेखा समिति का गठन किया गया है। उप महाप्रबंधक, (FI & MF), भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, भुवनेश्वर (बैंक बोर्ड में निदेशक) लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष हैं। उप महाप्रबंधक (NABARD), ओडिशा क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर (बैंक बोर्ड में निर्देशक), उप महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक, भुवनेश्वर (बैंक बोर्ड में निर्देशक) और उपसचिव, वित्तीय बिभाग, ओडिशा सरकार (बैंक बोर्ड में निर्देशक) लेखा परीक्षा समिति के सदस्य हैं। समिति ने वर्ष के दौरान 3 बार बैठक की और निरीक्षण गतिविधियों, परिसंपत्ति प्रबंधन और बैंक की लेखा स्थिति की निगरानी की।

प्रबंधन लेखा परीक्षा

हमारे प्रायोजक बैंक द्वारा नवंबर 2020 में हमारे बैंक की प्रबंधन लेखापरीक्षा की गई है। दिनांक 12.01.2021 की प्रबंध लेखा परीक्षा

की अनुपालन रिपोर्ट, हमारे द्वारा अंतिम कारिवाई रिपोर्ट के साथ हमारे प्रायोजक बैंक को प्रस्तुत किया गया है। वित्तवर्ष 2021-22 के दौरान प्रबंधन लेखापरीक्षा नही की गई है ।

बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35(6) के अंतर्गत नाबार्ड का निरीक्षण

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने 31.03.2021 की स्थिति के अनुसार हमारे बैंक की लेखा परीक्षा की है। अंतिम अनुपालन रिपोर्ट निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रस्तुत की गई है।

बैंक का नीतिगत ढांचा

हमारे कार्यों में एकरुपता लाने के लिए हमने बैंकिंग के सभी क्षेत्रों की पहचान और उसके लिए नीतिगत ढांचा तैयार करने के लिए प्रयास किया है। नीतियों को बनाते समय हमने भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, प्रायोजित बैंक और बैंकिंग से संबंधित विभिन्न अधिनियमों में निहित सामान्य नीतियों को ध्यान में रखा है। बैंक की रिकार्डों में फिलहाल निम्न नीतियाँ है। इन पर बोर्ड बैठकों में विधिवत् चर्चा के बाद इन्हें अनुमोदित किया गया है।

1. जोखिम प्रबंधन नीति
2. परिसम्पत्तियां और देयताएं प्रबंधन नीति
3. निवेश नीति
4. ऋण नीति
5. केवाईसी / एएमएल नीति
6. ब्याज दर नीति
7. ग्राहक शिकायतें / शिकायत निवारण नीति
8. ग्राहक अधिकार नीति
9. जमाकर्ता शिक्षा और जागरुकता निधि (डीईएएफ) योजना की नीति और बैंक में अदावित जमा राशियाँ और अपरिचालित खाते
10. वसूली और एनपीए प्रबंधन नीति
11. व्यवसाय निरंतरता योजना
12. वित्तीय समावेशन एवं बैंक मित्र नीति
13. सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नीति और सूचना सुरक्षा (आईएस) नीति
14. ईंटरनेट बैंकिंग नीति
15. साइबर सुरक्षा नीति
16. आंतरिक लेखा परीक्षा नीति
17. सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा नीति
18. संगामी लेखा परीक्षा नीति
19. क्रेडिट ऑडिट पॉलिसी
20. सतर्कता नीति
21. सावधान करने की (विजिल ब्लोइंग) नीति
22. धोखाधडी जोखिम प्रबंधन नीति
23. स्टाफ अलर्टनेस अवार्ड नीति
24. अधिप्राप्ति नीति
25. ई-कचरा प्रबंधन नीति
26. स्थानांतरण नीति
27. प्रशिक्षण नीति
28. जाली नोटों के पता लगाने, अवरुद्ध करने और रिपोर्टिंग से संबंधित मानक परचान प्रक्रिया (एसओपी)
29. एसेट्स प्रबंधन हब पर मानक संचालन प्रक्रिया
30. स्वर्ण आभूषण के बंधक के प्रति ऋण नीति
31. समझौता नीति
32. लोक अदालत - मानक परचान प्रक्रिया (एसओपी)
33. सरफेसी के अन्तर्गत कब्जे किए गये संपत्ति की बिक्री हेतु - मानक परचान प्रक्रिया (एसओपी)
34. पट्टा परिसर नीति (एसओपी)
35. आग जनित दुर्घटना नीति (एसओपी)
36. सी सी टी वी नीति (एसओपी)

ये नीतियाँ यह सुनिश्चित करने के लिए सहायक है कि बैंक गतिविधियों के प्रत्येक महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए बैंक के पास प्रभावी और निरुपित सिस्टम और प्रक्रियाएँ है। विनियामक आवश्यकताओं के अनुपालन करने में वे परिचालन कर्मचारियों का मार्गदर्शन भी करते है।

वित्तीय समावेशन

वित्तीय समावेशन स्वतंत्रता के बाद से भारतीय अर्थव्यवस्था और बैंकिंग उद्योग की चिंता का विषय रहा है। समाज के असंबद्ध और वंचित लोगों के घर पर बैंकिंग सेवा प्रदान करने की हमारी पहल के पीछे उत्तोलन प्रौद्योगिकी मूल विचार है।

वित्तीय समावेशन के एक हिस्से के रुप में, बैंक के पास 1088 बैंक मित्र (सीएसपी) काम करते है। जो 10887 गाँवों को कवर करते हैं, जिनमें किसी भी बैंक का औपचारिक बैंकिंग आउटलेट नहीं है। 10887 में से 315 गाँव 2000 और उससे अधिक की आबादी वाले हैं और शेष 10572 गाँव जिनकी आबादी 2000 से कम है। बैंक मित्र 6 कॉर्पोरेट बिजनेस कॉरेस्पन्डेंस (बीसी) द्वारा तैनात किए जाते हैं। बैंक के लिए काम करने वाले कॉर्पोरेट बीसी सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड, ऑर्गनाईजेशन फॉर डेवलपमेंट इंटीग्रेटेड सोशल एंड हेल्थ एक्शन (ODISHA), फिआ टेक्नोलोजि सर्विसेज प्रा. लिमिटेड (FIA), समृद्धि समावेशी विकास नेटवर्क (SIGN), जीरो-मास प्रा. लि. (ZMPL) और ओडिशा आजीविका मिशन (OLM) है। नाबार्ड से वित्तीय सहायता (एफआईएफ (वित्तीय समावेशन फंड) के माध्यम से) के साथ कनेक्टिविटी समस्याएँ होने वाले (जिसे डार्क और ग्रे क्षेत्र के रुप में पहचाना गया है) 381 स्थानों पर बैंक ने सौर ऊर्जा संचालित वी-सैट स्थापित की है। लेन-देन के लिए बैंक मित्रों को माइक्रो एटीएम भी प्रदान किए जाते है।

बैंक मित्र एक निश्चित स्थान कियोस्क पर हमारे सीबीएस प्लेटफॉर्म में वास्तविक समय के आधार पर बैंकिंग लेनदेन करते हैं। निम्नलिखित बैंकिंग लेनदेन बैंक मित्र पॉइंट्स पर किए जाते हैं।

क. बचत बैंक और आवर्ती जमा खाता खोलना
ख. नकद निकासी और जमा
ग. ऋण की किस्तों की प्राप्ति
घ. AEPS-Offus और AEPS-Onus पर लेनदेन एवं वित्तीय और गैर वित्तीय जैसे शेषराशि पूछताछ एवं मिनी स्टेटमेन्ट.
ङ. रूपे डेबिट कार्ड से Off us और On us लेन-देन
च. सामाजिक सुरक्षा योजना जैसे PMSBY,PMJJBY एवं APY का किओस्क में पंजीकरण ।

KIOSK में संपूर्ण वित्तीय समावेशन (FI) ऑपरेशन लाभार्थियों के बायोमेट्रिक सत्यापन के सिद्धांत पर काम करते हैं और ऑनलाइन होते हैं, हमारे CBS सर्वर को तुरंत हिट करते हैं, जो वास्तविक समय के आधार पर CSPs द्वारा किए गए लेनदेन के अपडेशन की सुविधा CBS सर्वर में प्रदान करते हैं। ग्राहक का आधार नंबर डालकर AEPS का लेनदेन हो रहा है। माइक्रो एटीएम के माध्यम से, ग्राहक लेनदेन के लिए अपना एटीएम कार्ड स्वैप करता है। कुल बैंक लेनदेन के साथ तुलना करने पर, बैंक मित्र में किए गए लेनदेन का हिस्सा (%) निम्नलिखित है :

क्रं.	बैंक मित्र चैनल	कुल लेनदेन का %	
		2020-21	2021-22
1	नकद निकासी और जमा	4.82	3.69
2	AEPS - Onus	2.53	3.63
3	AEPS - Offus	1.56	2.23
4	रूपे डेबिट कार्ड से लेन-देन	0.31	0.22
5	कुल समग्र प्रतिशत	9.22	7.48

वित्त वर्ष 2021-22 के अंत में बैंक मित्र द्वारा 9,70,888 बचत बैंक जमा खाता खोले गए (CASA शेष रु.195.40 करोड)। बैंक मित्रा द्वारा खोले और बनाए गए आवर्ती जमा खातों की संख्या 2985 है (रु. 0.79 करोड रुपये की शेष राशि के साथ)

वित्तीय समावेशन - खातों में आधार सीडिंग और वैध मोबाइल नंबर इनपुट करना

आधार सीडिंग की प्रक्रिया को तेज करने के लिए, हमने अपने कॉर्पोरेट बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स के साथ मामला उठाया है। मौजूदा ग्राहकों की आधार संख्या एकत्र करने के लिए बैंक द्वारा बैंक मित्रों को प्रोत्साहित किया जाता है। मौजूदा ग्राहकों के वैध मोबाइल नंबरों को शामिल करने के लिए बैंक मित्रों को प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जा रहा है।

वित्तीय समावेशन सामाजिक सुरक्षा योजनाएं

(PMJJBY, PMSBY & APY)

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY)

हमने वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 73158 नए ग्राहकों को शामिल किया है, जो कुल खातों को 144777 तक ले गए हैं। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान PMJJBY के तहत कुल 194 दावों को रु. 388.00 लाख में निपटाया गया।

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY)

हमने वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 110738 नए ग्राहकों को पंजीकृत किया है, जो कुल खातों को 423709 खातों तक ले गए हैं। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान PMSBY के तहत कुल 18 दावों को रु. 36.00 लाख में तय किया गया था।

अटल पेंशन योजना (APY)

वित्त वर्ष 2021-22 के लिए अटल पेंशन योजना (APY) के तहत कुल 12775 नामांकन किया गया, जो कुल 54206 खातों तक ले गए हैं। हमारे बैंक को अक्टुबर-नवम्बर 2021 के दौरान PFRDA के अभियान "MAKERS OF EXCELLENCE(5.0)" में AWARD OF EXCELLENCE से सम्मानित किया गया है ।

वित्तीय साक्षरता सप्ताह (FLW)

हमारे बैंक ने " डिजिटल चुनो, सुरक्षा के साथ " विषय के साथ 14 फरवरी से 18 फरवरी 2022 तक वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनाया। जनता के बीच वित्तीय साक्षरता बढाने के लिए निम्नलिखित तीन विषयों को केन्द्रित किया गया है ।

क. डिजिटल लेनदेन की सुविधायें ।

ख. डिजिटल लेनदेन की सुरक्षा

ग. ग्राहकों का संरक्षण

शिविरों के दौरान पर्चे, ब्रोशर और बैनर के रुप में प्रचार सामग्री को ग्राहकों में वित्तीय जागरुकता का संदेश फैलाने के लिए वितरित किया गया।

आधार नामांकन और अद्यतन केंद्र

हमारे बैंक ने अपने ग्राहकों सहित आधार नामांकन और अद्यतन की सेवाओं का विस्तार करने के लिए यूआईडीएआई के दिशा-निर्देशों के अनुसार 10% ब्रांच नेटवर्क यानी 45 स्थानों पर आधार नामांकन केंद्र खोलने का काम शुरु किया है। हम सेवा प्रदाता मैसर्स ODISHA की मदद से आउटसोर्स मॉडल में आधार नामांकन और अद्यतन केंद्र का संचालन कर रहे हैं।

प्रति विक्रय

एसबीआई जीवन बीमा

गैर-ब्याज आय के अर्जन के साथ-साथ, वित्तीय समावेशन के एक अंश के रुप में तथा बैंक ग्राहकों के जीवन बीमा आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु बैंक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कार्पोरेशन लिमिटेड का कार्पोरेट एजेंट बन गया। बैंक वर्ष 2021-22 के दौरान रु.9.42 करोड के नये व्यापार प्रीमियम (एनबीपी) का संग्रहण कर रु.2.06 करोड का कमीशन अर्जित किया जबकि पिछले वर्ष 2020-21 के दौरान रु.7.53 करोड के नये व्यापार प्रीमियम (एनबीपी) का संग्रहण कर रु.1.69 करोड का कमीशन अर्जित किया गया।

एसबीआई सामान्य बीमा

कार्पोरेट एजेंट की हैसियत से हमने वर्ष 2016-17 में एसबीआई सामान्य बीमा व्यापार शुरु किया और ग्रूप हेल्थ बीमा योजना और ग्रूप व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना नाम के दो उत्पादों का भी विपणन करने के साथ-साथ हमने इच्छुक ऋणकर्ताओं को वित्तपोषित आस्तियों के लिए बीमा प्रदान किया। बैंक वर्ष 2021-22 के दौरान रु. 73.24 लाख के नये व्यापार प्रीमियम (एनबीपी) का संग्रहण कर रु.7.50 लाख का कमीशन अर्जित किया। जबकि पिछले वर्ष 37.00 लाख के नये व्यापार प्रीमियम (एनबीपी) का संग्रहण कर रु.4.00 लाख का कमीशन अर्जित किया गया था।

सूचान प्रौद्योगिकी

बैंक ने निम्नलिखित नई सूचना प्रौद्योगिकी पहल शुरु की है :

तत्काल भुगतान प्रणाली (IMPS) रिमिटर

लाभभोगी बैंक के रुप में IMPS सुविधा अक्टुबर 2015 में प्रायोजक बैंक के उप सदस्य के रुप में शुरु की गई।

AEPS - आधार-पे :

हमारे ग्राहकों को हमारे बैंक के आधार लिंक्ड खाते का उपयोग करके व्यापारी प्रतिष्ठानों में नकद रहित लेनदेन करने में सक्षम बनाने के लिए, बैंक में आधार-पे (जारीकर्ता) सुविधा शुरु की गई है। इस सुविधा का उपयोग करके हमारे बैंक ग्राहक, अन्य बैंक के आधार भुगतान एप्लिकेशन का उपयोग करके आउटलेट पर नकद रहित लेनदेन करने में सक्षम है।

वैकल्पिक वितरण चैनल (ADCs) :

पारम्परिक बैंकिंग माध्यम से लेन-देन के तुलना में वैकल्पिक वितरण चैनलों के माध्यम से बैंकिंग लेन-देन में वृद्धि हो रहा है, जिससे शाखाओं में ग्राहकों की भीड काफी कम हो गयी है। जिसके परिणामस्वरुप विपणन और व्यवसाय विकास पर अधिक ध्यान केंद्रित किया गया है। बैंक द्वारा शुरु किए गए विभिन्न वैकल्पिक वितरण चैनलों ने ग्राहकों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाने में सक्षम बनाया है।

RTGS / NEFT

हम अपने प्रायोजक बैंक के माध्यम से शाखाओं में RTGS / NEFT लेनदेन कर रहे हैं।

डेस्कटॉप एटीएम

ग्राहकों को छोटी रकम निकालने की सुविधा के लिए बैंक ने प्रायोगिक परियोजना आधार पर हमारे पांच शाखाओं में डेस्कटॉक एटीएम स्थापित किए हैं। यह किसी भी अन्य एटीएम की तरह काम करता है और अन्य बैंक ग्राहक भी अपना पैसा निकाल सकते हैं। डेस्कटॉप एटीएम के लिए अलग एटीएम रुम की कोई आवश्यकता नहीं है और कोई सुरक्षा समस्या नहीं है।

माईक्रो एटीएम

नाबार्ड से वित्तीय सहायता (एफआईएफ (वित्तीय समावेशन फंड) के माध्यम से समस्त शाखाओं में माईक्रो एटीएम उपलब्ध करवाया गया है । इसी के द्वारा शाखाओं मे लेनदेन सहज तथा सुबिधा मे हो रहा है ।

सीबीएस में एनपीए मॉड्यूल का उन्नयन

हमने एनपीए को बेहतर नियामक अनुपालन के साथ ट्रैक करने के लिए सीबीएस प्रणाली में एग्री एंड यूआरआई मॉड्यूल के उन्नत संस्करण को लागू किया है और वर्तमान में सभी एनपीए डेटा, सिस्टम उत्पन्न होते हैं।

वेब बेस्ड संगामी लेखा व्यबस्था (WEBCAS)

यह एक संगामी लेखा व्यवस्था हैं, जो कि मुख्य रुप से एक नियन्त्रण प्रक्रिया, बेहतर लेखांकन कार्यो की स्थापना का अभिन्न अंग, प्रभावी नियन्त्रण और सतत आधार पर संचालन की निगरानी करना हैं। इसकी सतत् रुप से RBI के निर्देशानुसार, हमारे बैंक के अग्रिम और अन्य जोखिम को ढकने के लिए समीक्षा की जाती है। इस संगामी लेखा व्यवस्था का पुर्नरुत्थान किया गया हैं साथ ही WEB आधारित व्यवस्था भी लाई गई है।

डिजिटल खाता खोलना:

इस डिजिटल युग में, डिजिटल अर्थव्यवस्था में हमारा योगदान देते हुए हमारे बैंक मे ग्राहको को निर्बाध सेवाओं के वितरण के लिए UGB DIGI (Utkal Grameen Bank Digital Savings Account) Video KYC के द्वारा और UGB INSTA (Utkal Grameen Bank Insta Savings Account) की शुरुआत की गई है।

स्वयं पासबुक कियोस्क:

हमाने बैंक ने विभिन्न शाखाओं मे 16 स्वयं पासबुक कियोस्क की स्थापना की है। यह हमारे ग्राहको को परेशानी रहित पासबुक छापने मे हमे सक्षम करता है।

सूचना सुरक्षा :

बैंक की सूचना प्रौद्योगिकी परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए बैंक अत्यधिक महत्व देता है। बैंक ने सूचना सुरक्षा नीति, सूचना प्रौद्योगिकी नीति तैयार की है और बोर्ड की स्वीकृति प्राप्त करने के बाद इसे लागू किया है। एक नीति के रूप में। हमारे एप्लिकेशन सेवा प्रदाता मेसर्स सी-एज टेक्नोलॉजीज लिमिटेड में बैंक की सूचना प्रौद्योगिकी परिसंपत्तियाँ, बाहरी आईएस ऑडिट एजेंसी द्वारा वर्षिक आधार पर सूचना सुरक्षा समीक्षा के अधीन हैं। बैंक के नियंत्रण कार्यालय आवधिक अंतराल पर बाहरी एजेंसी द्वारा सूचना सुरक्षा लेखा परीक्षा के अधीन हैं।

सीबीएस आवेदन में प्रवेश के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण प्रणाली सभी शाखाओं में लागू की गई है। यह आवेदन में अनाधिकृत व्यक्तियों के लॉग-इन को समाप्त करता है और किसी भी धोखाधडी या दुर्भावना के लिए जवाबदेही तय करने में सहायता करता है।

सीबीएस प्लेटफॉर्म, वाइड एरिया नेटवर्क (डब्लूएएन) पर कार्य करता है, जो वी-सैट, 4G और आरएफ जैसे विभिन्न वाहक पर प्रदान की गई कनेक्टिविटी पर कार्य करता है।

ब्रांच कनेक्टिविटी अपग्रेडेशन :

जैसे-जैसे लेन-देन की मात्रा में वृद्धि हुई है, शाखाओं को तेज गति से लेनदेन करने में सक्षम बनाने के लिए, शाखा कनेक्टिविटी को 2 एमबीपीएस आरएफ तक बढा दिया गया है। 31.03.2022 तक, 341 शाखाओं को 2 एमबीपीएस आरएफ कनेक्टिविटी के लिए अपग्रेड किया गया है। जिस में से 312 शाखाओं में 4G को भी Secondary Connectivity के रुप में रखा गया है।

इस के अलावा 367 शाखाओं को Server विहीन JAVA Application का उपयोग किया गया।

सुरक्षा उपाय - सी.सी.टि.वी. एवं बर्गलर अलार्म प्रणालियों की संस्थापना

डकैती, लुटपाट आदि की बढती घटनाओं के मद्देनजर बैंक की आस्तियों, ग्राहकों और कर्मचारियों को प्रभावी सुरक्षा देने वाली भौतिक सुरक्षा प्रणालियाँ सर्वोपरि महत्व रखती है। बैंक ने अपनी सभी 433 शाखाओं में सी.सी.टि.वि कैमरा, बर्गलर आलार्म और अग्निशामक यंत्र प्रदान किया है।

ग्राहक सेवा एवं शिकायत प्रबंधन :

यद्यपि शिकायतों से बचा नहीं जा सकता है, कुछ शिकायतें हमारे प्रदर्शन और प्रणालियाँ और प्रक्रियाओं की समीक्षा करने के लिए उपयोगी प्रतिक्रिया प्रदान करती हैं। एक ग्राहक की वास्तविक शिकायत का अर्थ है बैंक को हमारे कौशल और दक्षता को उन्नत करने का अवसर है। बैंक ने ग्राहकों की शिकायतों के निवारण और ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए शिकायतों / शिकायतों के निवारण नीति को स्थान दिया है। बैंक ने शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण पर अत्यधिक जोर दिया है और निर्धारित समयसीमा के भीतर शिकायतों का निपटान करने के लिए अनुवर्ती प्रणाली को मजबूत किया गया है। शाखाएँ ग्राहकों की बैठकें आयोजित कर रही हैं तथा सुधारात्मक कदम उठाने के लिए उनके विचारों का सज्ञान लिया जाता है। यथासंभव संबंधित क्षेत्रीय प्रबंधक भी इन ग्राहक सभाओं में भाग लेते है।

शिकायतों के निवारण तथा अनुपालन की प्रस्तुति के लिए उनके निरीक्षण की निम्नलिखित प्रणाली प्रचलन में है :

शिकायत की प्रकृति	क्षेत्रीय कार्यालय/ शाखा में प्रभारी अधिकारी	प्रधान कार्यालय स्तर पर
सामान्य शिकायतें (सतर्कता प्रकृति से भिन्न)	शाखा प्रबंधक (शाखा स्तर पर) क्षेत्रीय प्रबंधक (क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर)	मुख्य प्रबंधक (लेखा) संबंधित नेटवर्क के महाप्रबंधक
सतर्कता प्रकृति की शिकायतें	- -	मुख्य सतर्कता अधिकारी अध्यक्ष
बैंकिंग लोकपाल से/ माध्यम से शिकायतें	क्षेत्रीय प्रबंधक/ शाखा प्रबंधक	विभाग प्रमुख (लेखा और अनुपालन) संबंधित नेटवर्क के महाप्रबंधक

प्राप्त शिकायतों की स्थिति उनकी समीक्षा और जानकारी के लिए प्रत्येक बैठक में, निदेशक मंडल को दी जा रही है।

"बोर्ड में ग्राहक सेवा समिति" के नाम पर एक उप-समिति का गठन किया गया है। इसके अलावा, ग्राहक सेवा स्थायी समिति शाखा स्तर, क्षेत्रीय कार्यालय स्तर और प्रधान कार्यालय स्तर पर है।

ग्राहकों की शिकायतें : 31.03.2022 की स्थिति

क्र.सं.	विवरण	संख्या
1	वर्ष के आरंभ में लंबित शिकायतों की संख्या	0
2	वर्ष 2021-22 के दौरान प्राप्त शिकायतें	65
3	कुल शिकायतें	65
4	वर्ष के दौरान हल की गई / निपटाई गई शिकायतों की संख्या	62
5	वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या	3

बैंकिंग लोकपाल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के लिए बैंक के प्रधान कार्यालय में महा प्रबंधक - 1 को प्रधान नोडल अधिकारी के रुप में पदनामित किया गया। वर्षके दौरान बैंकिंग लोकपाल से / माध्यम से प्राप्त शिकायतों की स्थिति निम्नवत है :

क्र.सं.	विवरण	संख्या
1	वर्ष के आरंभ में लंबित शिकायतों की संख्या	0
2	वर्ष 2021-22 के दौरान प्राप्त शिकायतें	16
3	कुल शिकायतें	16
4	वर्ष के दौरान हल की गई / निपटाई गई शिकायतों की संख्या	16
5	वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या	Nil

धोखाधडी, भ्रष्टाचार या अन्य किसी दुराचरण से संबंधित चिंताएं व्यक्त करने के लिए मार्ग प्रदान करने के उद्येश्य से व्हिसिल ब्लोइंग नीति भी लागू है।

सूचना का अधिकार नियम

बैंक के विभिन्न कार्यकर्ताओं के कार्य में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व को बढावा देने के उद्देश्य से बैंक के नियंत्रणाधीन जानकारी तक पहुँच सुनिश्चित करने वाले नागरिकों के सूचना के अधिकार की व्यवहारिक व्यवस्था को आरंभ करने के लिए बैंक ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को उसके शाब्दिक एवं अभिप्रेत अर्थों में कार्यान्वित किया है।

	केंद्रीय सहायक जन-सुचना अधिकारी	जन-सूचना अधिकारी	अपीलीय प्राधिकरण
शाखा	शाखा प्रबंधक	क्षेत्रीय प्रबंधक	महा प्रबंधक
क्षेत्रीय कार्यालय	क्षेत्रीय प्रबंधक	महा प्रबंधक	अध्यक्ष
प्रधान कार्यालय	मुख्य प्रबंधक (लेखापरीक्षा एवं निरीक्षण)	महा प्रबंधक	अध्यक्ष

वर्ष 2021-22 के दौरान बैंक को 44 आवेदन एवं अपील प्राप्त हुए हैं तथा सभी आवेदनों एवं अपीलों का निपटारा निर्धारित समय में कर दिया गया है।

मानव संसाधन प्रबंधन

वर्ष 2021-22 की समाप्ति तक, स्टाफ शक्ति का संघटन निम्नवत है :

अधिकारी वेतनमान - IV	10
अधिकारी वेतनमान - III	34
अधिकारी वेतनमान - II	135
अधिकारी वेतनमान - I	510
कार्यालय सहायक	581
कार्यालय परिचारक	111
कुल	**1381**



वर्ष के दौरान, 136 कर्मचारी बैंक की सेवा से निवृत हुए हैं। 11 कर्मचारियों ने त्यागपत्र दिया है एवं 9 कर्मचारियों का देहांत हो गया है।

भर्तियाँ

भर्ती वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 के आधार पर बैंक ने 1 अधिकारी वेतनमान - III, 7 अधिकारी वेतनमान - II, 115 अधिकारी वेतनमान - I और 72 कार्यालय सहायक को वर्ष 2021-22 के दौरान नियुक्त किया गया । हालांकि 5 कार्यालय सहायक को प्रतिपूरक आधार पर नियुक्त किया गया है ।

पदोन्नतियाँ

2021-22 के दौरान 64 कार्यालय सहायक को अधिकारी वेतनमान -I के रुप में, 33 अधिकारी वेतनमान - I को अधिकारी वेतनमान - II के रुप में, 8 अधिकारी वेतनमान - II को अधिकारी वेतनमान - III के रुप में एवं 4 अधिकारी वेतनमान - III को अधिकारी वेतनमान - IV के रुप में पदोन्नति दिया गया।

प्रशिक्षण - स्टाफ अध्ययन केंद्र (UGBLC)

बैंक ने एक प्रशिक्षण नीति तैयार की थी जो सभी स्टाफ सदस्यों को कम-से-कम तीन वर्षों में एक बार प्रशिक्षण देने की परिकल्पना करती है। वर्ष के दौरान कोभिड-१९ के कारण कोई प्रशिक्षण संचालित नहीं हुआ ।

बैंक के 26 अधिकारियों और कर्मचारियों नें NAMCABS MSME FINANCE, नया KCC, कृषि ऋण में जोखिम न्युनीकरण, कृषि ऋण में एनपिए प्रवन्धन, वित्तीय विवरणो का विश्लेषण आदि महत्वपूर्ण विषयों पर RBI (भुबनेश्वर), SBIRB (हैदराबाद), जैसे प्रशिक्षण संस्थानों में वर्चुयल माध्यम से प्रशिक्षण ग्रहण किए। 55 अधिकारी (एस सी/एस टी) और 74 कार्यालय सहायक(एस सी/एस टी)ने पूर्व पदोन्नति प्रशिक्षण वर्चुयल माध्यम से ग्रहण किए।

कर्मचारी कल्याण उपाय

समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसी

हमारे अधिकांश कर्मचारी सदस्य युवा है और सडक से यात्रा करते हैं। अक्सर विभिन्न अधिकारिक कार्यों जैसे नकद प्रेषण, वसूली और इकाइयों के निरीक्षण के लिए क्षेत्र का दौरा, बैठकों की समीक्षा आदि के लिए यात्रा करते हैं। वे सडक दुर्घटनाओं के जोखिम से अवगत है और मृत्यु के खतरे का भी सामना करते है।

हमने कर्मचारियों की बीच सुरक्षा की भावना पैदा करने और संगठन के प्रति वफादारी बनाने के लिए निम्नलिखित बीमा राशि के साथ समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसी ली है।

क्रमांक	श्रेणी	बीमा राशि
1.	अधिकारी	रु. 10.00 लाख
2.	कार्यालय सहायक	रु. 5.00 लाख
3.	कार्यालय परिचारक	रु. 3.00 लाख

EDLI (कर्मचारी जमा लिंक्ड बीमा)

यह इपीएफ अधिनियम के तहत एक वैधानिक आवश्यकता है। नियोक्ता रु.7.02 लाख के जीवन बीमा कवरेज के लिए बैंक के सभी कर्मचारियों के लिए सेवा में रहने तक प्रीमियम का योगदान देता है।

कोभिड-१९ हेतु अतिरिक्त बीमा योजना

बैंक ने कोविड-१९ महामारी के दौरान कर्मचारियों की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए, एस्.बी.आई लाईफ इंश्योरेंस के साथ संपूर्ण सुरक्षा पोलिसी नामक एक अतिरिक्त बीमा पोलिसी ली है । पोलिसी में अधिकारी के लिए बीमा राशि रु. 20.00 लाख एवं कार्यालय सहायक तथा कार्यालय परिचारक के लिए रु. 10.00 लाख है ।

अस्पताल में भर्ती के लिए चिकित्सा बीमा

समस्त कार्यरत कर्मचारियों के लिए स्टार हेल्थ एण्ड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी के साथ अनुबंध करते हुए, 01.10.2020 से अस्पताल में भर्ती के लिए चिकित्सा बीमा का प्रारम्भ किया गया । इसके अंन्तर्गत अधिकारी के लिए बीमा राशि रु. 4.00 लाख एवं कार्यालय सहायक तथा कार्यालय परिचारक के लिए रु. 3.00 लाख है ।

उपदान तथा छुट्टी नकदीकरण निधि

बैंक ने उपदान के संबंध में अंतरिम आवश्यकताओं का ध्यान रखा है। 31.03.2022 को उपदान के लिए रु.71.58 करोड और छुट्टी नकदीकरण के लिए रु.33.37 करोड प्रावधान किया गया है।

बैंक में पेंशन योजना

भारत के राजपत्र (असाधारण) भाग III, धारा 4 की अधिसूचना संख्या 533 दिनांक 24.12.2018 को उत्कल ग्रामीण बैंक (कर्मचारी) पेंशन विनियम, 2018 और उत्कल ग्रामीण बैंक (अधिकारी और कर्मचारी) सेवा (संशोधन) विनियम, 2018 प्रकाशित किया गया था। 2021-22 बर्ष के दौरान पेंशनभोगियों द्वारा रु. 8.07 करोड वापस किया गया है और रू. 73.64 करोड का भुगतान किया जा चुका है । नबीनतम बीमांकिक मूल्यांकन स्थिति के अनुसार कुल पेंशन देय रु. 798.34 करोड है । भारतीय रिजर्व बैंक के मानदण्डों के अनुसार आवश्यक प्रावधान रु.798.34 करोड का 80% जो की 31.03.2022 तक रु. 638.67 करोड है । इस निर्धारित परिशोधन के अनुसार और प्रायोजक बैंक के सलाह के अनुसार बर्ष 2021-22 के दौरान रु. 159.67 करोड की प्रावधान की गयी है ।

वेतन संशोधन प्रावधान

बैंके ने दिनांक 01.11.2017 से 11वें Bi-partiete वेतन भुगतान के बकाया भुगतान के लिए 31.03.2021 को रु. 46.79 करोड और 31.03.2022 रु. 2.00 करोड की राशि प्रावधान की है ।

औद्योगिक संबंध :

प्रबंधन एवं अधिकारी संघ तथा कर्मचारी संघ ने स्टाफ सदस्यों के कल्याण तथा व्यापार विकास के लिए मिल कर कार्य किया है और वर्ष के दौरान उभरे सामान्य मुद्दे के सौहार्दपूर्ण समाधान प्रस्तुत किए हैं। वर्ष के दौरान मैत्रीपूर्ण एवं मिलनसार परिवेश प्रधान रहा है।

ए.सी./एस्.टी. तथा औबीसी कर्मचारियों के लिए कल्याण :

बैंक ने एस.सी./एस.टी कल्याण संघ तथा ओबीसी कल्याण संघ के

साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाये रखे है, तथा भर्ती, पदोन्नति आदि सभी पहलुओं में संवैधानिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है। उनकी शिकायतों का निवारण करने के लिए बैंक ने कल्याण संघों तथा संपर्क अधिकारियों के साथ नियमित बैंठकें की हैं।

बैंक के कर्मचारियों का मनोबल तथा प्रेरणा को उच्च रखने के लिए सभी उपाय किये हैं।

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन पर नीति

इसके अनुसार आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया गया और वे प्रधान कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों पर कार्यरत हैं।

सेवानिवृत्ति लाभ का निपटान :

सभी सेवानिवृत्ति लाभ प्रदान करने कि प्रक्रिया सेवानिवृत्ति के तीन महीने पहले शुरु होती है, जिसमें सेवानिवृत्ति लाभ की भुगतान सही समय पर हो।

अनुग्रह राशि का भुगतान :

बैंक ने मृतक स्टाफ सदस्यों के कानूनी उत्तराधिकारियों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति देने के स्थान पर तथा लंबे समय से बीमार तथा बीमारी के कारण मर गए स्टाफ सदस्यों को अनुग्रह राशि का भुगतान किए जाने के संबंध में भारत सरकार की अधिसूचना सं.F/20/05/2003 - आर.आर.बी. दिनांकित 9.6.2006 में शामिल दिशानिर्देशों का कार्यन्वयन किया है।

सतर्कता प्रशासन

जैसा कि बैंक का आकार युवा और अनुभवहीन कार्यबल के साथ बढ रहा है, सतर्कता रहना तथा सतर्कता बरतना बैंक के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है।

प्रायोजक बैंक के पत्र क्रमांक : A & S /RRB / SKJ / 415 दिनांक 12 सितंबर 2017 अनुसार, उनके सक्रिय भागीदारी के साथ, बोर्ड के अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, सतर्कता प्रशासन का एक नया समूह बैंक में शुरु किया गया है। हमारे बैंक में प्रायोजक बैंक के पत्र संख्या A & S /RRB / HD / 424 दिनांक 29 जनवरी 2021 के अनुसार बोर्ड से अनुमोदन प्राप्त करने के वाद 15.02.2021 से संशोधीत सतर्कता प्रशासन को और मजवुत किया है ।

संशोधित सतर्कता प्रशासन के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक के मूख्य सतर्कता अधिकारी, डिएफएस (वित्तीय सेवा विभाग) द्वारा नियुक्त और कोर्पोरेट कार्यालय, मुंबई में तैनात एसीवीओ (अतिरिक्त मुख्य सतर्कता अधिकारी) के माध्यम हमारे बैंक के सतर्कता प्रशासन की देखरेख कर रहे हैं । वह हमारे बैंक के सभी अधिकारियों और कर्मचारीयों के लिए सीएफए,एफएसए और एसएसए (जहां भी आवश्यक हो) प्रस्तुत कर रहे हैं । एसीवीओ निम्नलिखित सतर्कता गतिबिधियों की निगरानी भी कर रहे है : अ) लंबित सतर्कता मामलों की समीक्षा, आ) शिकाायत निवारण नीति और ह्विसिल ब्लोअर नीति, इ)निवारक सतर्कता समिति (पीवीसी) की बैठक, ई) विजिलेंस बिभाग के अधिकारियों द्वारा शाखाओं का दौरा, उ) कार्य आवर्तन, ऊ) अधिकारियों की बर्षिक संपत्ती रिटर्न जमा करना, ऋ)स्टाफ की जवाबदेही की स्थिति की जांच, ए) अधिकारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम और ऐ) धोखाधडी की निगरानी

हमारे बैंक में तैनात सीवीओ (मुख्य सतर्कता अधिकारी) के पद को महाप्रबंधक (सतर्कता) के रुप मे नामित किया गया है ।

इस वर्ष के दौरान 25 में से 13 अनुशासनात्मक मामलों की निपटान की गई।

सतर्कता जागरुकता सप्ताह :

बैंक ने 26 अक्टूबर से 1 नवंबर 2021 तक प्रधान कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों और सभी शाखाओं में सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन किया है।

बोर्ड

बैंक के बोर्ड का गठन निम्नांकित को मिलाकर हुआ है

अ. बैंक के अध्यक्ष
आ. भारत सरकार द्वारा नियुक्त दो गैर-अधिकारिक निदेशक
इ. नाबार्ड एवं भारतीय रिजर्व बैंक,
दोनों से एक-एक नॉमिनी निदेशक
ई. प्रायोजक बैंक से दो नामित निदेशक
उ. ओडिशा सरकार से दो नामित निदेशक

साथ में बैंक के अध्यक्ष, बोर्ड के अध्यक्ष हैं।

बोर्ड बैठक का नियम में यह है कि प्रत्येक तिमाही में बोर्ड की कम-से-कम एक बार एवं वर्ष में कम-से-कम छः बैठकें होंगी। कैलेंडर वर्ष 2021 के दौरान बोर्ड की 06 बैठक हुई।

आभार प्रदर्शन

बैंक के निदेशक मंडल, बैंक के साथ हमेशा जुडे ग्राहकों से प्राप्त निरंतर विश्वास और संरक्षण के लिए अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना चाहते है।

बोर्ड, समय समय पर बैंक को मिले मार्गदर्शन तथा मूल्यवान सहयोग के लिए प्रायोजक बैंक, भारत सरकार, ओडिशा सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, एनपीसीआई, यूआईडीएआई, अन्य वित्तीय संस्थाओं तथा बैंकों के प्रति असीम आभार प्रकट करता है।

बोर्ड ओडिशा के बलांगीर, सुबर्णपुर, बरगढ, संबलपुर, देवगढ, झारसुगुडा, सुंदरगढ, कालाहांडी, नुआपाडा, कंधमाल, बौध, कोरापुट, मलकानगिरि, रायगडा, नबरंगपुर, गजपति और गंजाम जिला कलेक्टरों, डीआरडीए के परियोजना निदेशकों और जिलों के अन्य सरकारी विभागों को उनके समर्थन

और प्रोत्साहन के लिए हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करता है।

बोर्ड हमारे प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाताओं अर्थात, मेसर्स सी-एज टेक्नोलॉजीज, मुंबई और हमारे कॉरपोरेट बिजनेस कॉरेस्पोडेंट्स द्वारा दिए गए समर्थन को कृतज्ञतापूर्वक स्वीकार करना चाहता है।

बोर्ड ने वर्ष 2021-22 के लिए बैंक के वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षा निर्धारित समय पर पूरा करने में उनके सहयोग के लिए मेसर्स तेजराज एण्ड पाल (बैंक के केंद्रीय वैधानिक लेखा परीक्षक) और अन्य सांविधिक लेखा परीक्षकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है।

साथ ही बोर्ड के लिए व्यापक प्रचार प्रदान करने में सहायता करने के लिए सभी जनसंपर्क अधिकारियों, प्रेस तथा मीडिया को अपना आभार व्यक्त करता है। साथ ही बोर्ड, बैंक के समग्र विकास में रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए अधिकारी संघ, कर्मचारी संघ, तथा एस.सी/एस.टी/ओबीसी कल्याण संघों को धन्यवाद करता है।

स्टाफ के प्रत्येक सदस्य ने जो उत्कृष्ट प्रदर्शन, जिम्मेदारी एवं संलग्नता के साथ प्रतिबद्ध सेवाएं दर्शाई है, उनका वर्णन करने के लिए कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं है।

उत्कल ग्रामीण बैंक के
निर्देशक मंडल की ओर से
(अलेख चन्द्र बेउरा)
अध्यक्ष

स्वतंत्र लेखा परीक्षा की रिपोर्ट

सेवा में
सदस्य, उत्कल ग्रामीण बैंक
बलांगीर

स्वतंत्र वित्तीय विवरणो कि लेखा परीक्षा पर रिपोर्ट

वित्तीय विवरणी पर रिपोर्ट

योग्य अभिमत

हमने 31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार उत्कल ग्रामीण बैंक की स्वतंत्र वित्तीय विवरणियों कि लेखा परीक्षा की है, जिनमें 31 मार्च, 2022 कि तुलन पत्र और उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लिए लाभ व हानि खाता तथा नकद प्रवाह विवरणों तथा महत्वपूर्ण लेखा नीतियों का सार एवं अन्य व्याख्यात्मक सूचना शामिल है. इन वित्तीय विवरणी में हमारे द्वारा लेखा पच्चीस (25) शाखाओं तथा प्रधान कार्यालय एवं अन्य शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा परीक्षित दो सौ पचास (250) शाखाओं की विवरणों है. शेष एक सौ उनसठ (159) शाखाओं, जिनकी लेखा परीक्षा नहीं की गयी, उनके विवरणी शाखा परिचालकों द्वारा प्रमाणित किया गया है. जिन शाखाओं की लेखा परीक्षा हमने की है और जिन शाखाओं की लेखा परीक्षा अन्य लेखा परीक्षकों ने की है, उनका चयन बैंक को सूचित राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार किया गया है। लेखा परीक्षा न किए जाने वाले शाखाओं में कुल ऋण की 22.99%, कुल जमा की 27.96%, कुल ब्याज आय की 8.75% है एवं कुल ब्याज खर्च की 25.18 % है।

हमारी राय, हमारी जानकारी और हमें दी गई सूचना के अनुसार, प्रस्तुत वित्तीय विवरण बैंक के व्यवहारों का सही और उचित चित्र दर्शाने के लिए सही रुप से तैयार किया गया है जो कि सामान्यत: भारत में स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुरुप हैं जो कि, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, १९७६ एवं बैंकिंग बिनियमन अधिनियम, १९४९ के अनुरुप है।

(i) पठित तुलन पत्र पूर्ण एवं सही तुलन पत्र है, जिस में सभी आवश्यक विवरण सम्मिलित है और 31, मार्च 2022 को बैंक के व्यवहारों का सही और उचित चित्र दर्शाने के लिए सही रुप से तैयार किया गया है।
(ii) पठित लाभ और हानि लेखा कवर किए गए वर्ष के लिए सही शेष दर्शाता है।
(iii) नकदी प्रवाह के विवरण के मामले में, उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह

योग्य अभिमत के आधार

हमने अपना लेखा परीक्षा ICAI द्वारा जारी लेखा परीक्षा के मानकों के अनुसार किया । उन मानकों के तहत हमारी जिम्मेदारियों को आगे हमारी रिपोर्ट के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षक की जिम्मेदारियों में वर्णित किया गया है । यह लेखा परीक्षा आईसीएआई के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया है । हम ICAI द्वारा जारी आचार संहिता के अनुसार बैंक से स्वतंत्र हैं, साथ ही नैतिक आवश्यकताओं के साथ जो हमारे क्षेत्राधिकार मे वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए प्रासंगिक हैं और हमने इन आवश्यकताओं के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को पूरा किया है । हमारा मानना है कि हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किया है, वह हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है ।

मामले की प्रभाव

निम्नलिखित बातों पर ध्यान आकर्षित किया जाता है

1. जैसा कि वित्तीय विवरणों की अनुसूची-18 के नोट संख्या 12 में कहा गया है, कुछ आस्तियां एवं देयताएं मिलान के लिए बाकी है। जो कि वर्षान्त मिलान कि प्रक्रिया के तहत प्रक्रियाधीन है जो कि परिणामी समायोजन के अधीन है।
2. जैसा कि वित्तीय विवरणों की अनुसूची-18 के नोट संख्या 26 में कहा गया है, बैक ने वर्ष के दौरान रुपये 35.04 करोड एवं रुपये 29.30 करोड के मूल्य के OTS एवं समझौता प्रस्ताव प्राप्त किए हैं।
3. जैसा कि वित्तीय विवरणों की अनुसूची-18 के नोट संख्या 26 में कहा गया है, बैंक ने उसमें उल्लेखित विभिन्न सकारात्मक संकेतको ध्यान मे रखते हुए अपने खाते Going Concern के आधार पर तैयार किए हैं।

संलग्न वित्तीय परिणामों पर हमारा निष्कर्ष उन मामलो के सबंध में सशोंधित नहीं है।

वित्तिय विवरणी के लिए प्रबंधन और उन पर अभिशासन की जिम्मेदारी

बैंक के निर्देशक मंडल इन संलग्न वित्तिय विवरणो की तैयारी के सबंध में जिम्मेदार है जो आमतौर पर भारत में स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धान्तो के अनुसार बैंक की वित्तीय स्थिती और वित्तिय प्रदर्शन का सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण देते है, जिसमें लेखा मानक ICAI द्वारा और क्षेत्रीय ग्रामीण अधिनियम 1976 के प्रावधानों, बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 29 और भारतीय रिजर्व बैंक (RBI), राष्ट्रीय कृषि और विकास बैंक (NABARD) द्वारा समय समय पर जारी किए गए परिपत्र और दिशानिर्देशों को अनुपालन किए जाते है। इस जिम्मेदारी में बैंक की संपत्ति की सुरक्षा के लिए और धोखाधडी और अन्य अनियमितताओं को रोकने और पता लगाने के लिए अधिनियमों के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकार्ड का रखरखाव भी शामिल है। उचित लेखांकन नीतियों चयन और आवेदन; निर्णय और अनुमान लगाना जो उचित और विवेकपूर्ण है और पर्याप्त आंतरिक वित्तिय नियंत्रणो का डिजाईन, कार्यान्वयन और रखरखाव, जो की लेखांकन के रिकार्ड की सटीकता और पूर्णता सुनिश्तित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे, जो वित्तीय वक्तव्यों कि तैयारी और प्रस्तुतीकरण के लिए प्रासांगिक है जो एक सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण देते हैं और सामग्री के दुरुपयोग से मुक्त होते है। वित्तीय विवरणो के तैयार करने के लिए बैंक कि चिंता, प्रकटीकरण जैसा कि लागू होता है चिंता से संबंधित मामलों और लेखांकन के चलते चिंता का आधार का उपयोग करते हुए जारी रखने के लिए बैंक की क्षमता का आकलन करने के लिए प्रबंधन जिम्मेदार है, जबतक कि प्रबंधन या तो बैंक को समाप्त कर रहे है या बंद करने का ईरादा नही रखता है। संचालन, या ऐसा करने के लिए कोई वास्तविक विकल्प नहीं है।

वित्तीय विवरण की लेखा परीक्षा में लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी

हमारा उद्देश्य इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करना है की क्या संपूर्ण रुप से वित्तीय विवरण सामग्री के दुरुपयोग से मुक्त है चाहे धोखाधडी या त्रुटि के कारण और एक लेखा परीक्षक की रिपोर्ट जारी करने के लिए जेसमें हमारी राय शामिल है। उचित आश्वासन उच्चस्तर का आश्वासन है। लेकिन यह गारेंटी नहीं है कि SAS के अनुसार किया गया लेखा परीक्षा हमेशा मौजुद होने पर इसी सामग्री के गलत होने का पता लगाएगा। गलतियाँ धोखाधडी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकती है और माना जाता है की सामग्री यदि ब्यक्तिगत रुप से या कुल मिला कर, तो वे वित्तीय वक्तव्य के आधार पर लिए गए उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णय कों प्रभावित करने कि अपेक्षा की जाएगी। SAS के अनुसार एक लेखा परीक्षा के भाग के रुप में, हम पेशेवर निर्णय लेते है और पूरे लेखा परीक्षा में व्यवसायिक संदेह को बनाए रखते है। और :

- वित्तिय विवरणों कि सामग्री के लिए गलत विवरण के जोखिमों को पहचानें और उनका आकलन करे, चाहे धोखेवाजी या त्रुटि के कारण उन जोखिमों के लिए उत्तरदायी प्रक्रियाओं को डिजाईन और निष्पादित करें, और लेखा परीक्षा साक्ष प्राप्त करें जो हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित हो। धोखाधडी के परीणाम स्वरुप होने वाली सामग्री के गलत विवरण का पता नहीं लगाने का जोखिम त्रुटि के परिणाम स्वरुप होनेवाले एक से अधिक है, क्युंकि धोखाधडी में मिलिभगत जालसाजी, जानवुझ कर चुप, गलत वयानी या

आंतरिक नियत्रंण की ओवरराईट शामिल हो सकती है।

- उपयोग कि गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन अनुमानों और संबंधित खुलासों कि तर्कशीलता का मूल्यांकन करे।

- लेखांकन चिंता के आधार के प्रबंधन के उपयोग कि उपयोक्तता पर निष्कर्ष निकाला गया और प्राप्त लेखा पारीक्षा के साक्ष्य के आधार पर क्या कोई सामग्री अनिश्चित्तता उन घटनाओं या स्थितियों संबंधित है जो संदेह के रुप में जारी रखने के लिए बैंक कि क्षमता पर संदेह कर सकते है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते है कि एक सामग्री अनिश्चित्तता मौजुद है तो हमें अपने लेखा परीक्षक कि रिपोर्ट में वित्तीय विवरणों में संबंधित खुलासों पर ध्यान आकर्षित करना होगा या तो हमारी राय को संशोधित करने के लिए यदि इस तरह के खुलासे अपर्याप्त है। हमारे निष्कर्ष हमारे लेखा परीक्षक रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य पर आधारित है। हालाकि भविष्य में होनो वाली घटनाओं या स्थितियों से बैंक को चिंता का विषय बना रह सकता है।

- खुलासे सहित वित्तीय वक्तव्यों कि समग्र प्रस्तुति, संरचना और सामग्री का मूल्यांकन करें और क्या वित्तीय विवरण अंतर्नीहित लेनदेन और घटनाओं को ईस तरह से दर्शातें है जो निष्पक्ष प्रस्तुति प्राप्त करते है। हम अन्य मामलों में, लेखा परीक्षा की योजना की गुंजाईस और समय के साथ साथ महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा के साथ साथ आंतरिक नियंत्रण में किसी भी महत्वपूर्ण कमी को शामिल करते है जिसे हम अपने लेखा परीक्षा के दौरान पहचानते है। हम उन लोगों को भी आरोप लगाते है जो अभिशासन को एक वयान देते है कि हमने स्वतंत्रता के संबंध में प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है, और सभी रिश्तों अन्य मामलों के साथ संवाद करने के लिए जिन्हे हमारे स्वतत्रंता पर सहन करने के लिए उचित माना जा सकता है और जहाँ भी लागु हो, संबंधित सुरक्षा उपाय प्रदान किए है। शासन के साथ आरोप लगाए गए मामलों से हम उन मामलों को निर्धारित करते हैं, जिन्हे वर्तमान अवधि कि वित्तीय विवरण लेखा परीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण ध्यान देने कि आवश्यकता होती है और इसिलिए वे महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा मामले हैं। हम अपने लेखा परीक्षक रिपोर्ट में इन मामलों का वर्णन करते हैं जब तक की कानून या विनियमन इस मामले के बारे में सार्वजनिक प्रकटीकरण का प्रस्ताव नहीं देता है या जब अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, हम यह निर्धारित करते हैं कि हमारी रिपोर्ट में किसी मामले का संचार नहीं किया जाना चाहिए क्यूँकि ऐसा करने का दुष्परिणाम सार्वजनिक हित लाभ का पल्ला झुकना अपेक्षित है।

अन्य विषय

1. हमने बैंक के संलग्न वित्तीय विवरणों में शामिल 159 शाखाओं के वित्तीय विवरणों / सूचनाओं का लेखा-जोखा नहीं किया है, जिनके वित्तीय विवरण / वित्तीय जानकारी 31.03.2022 तक रु. 71299.15 लाख की कुल अग्रीमों को दर्शाती है और उसी तारीख में समाप्त वित्तीय वर्ष लिए कुल रु. 7055.59 लाख का राजस्व माना गया है। 159 शाखाओं के वित्तीय विवरणों / सूचनाओं का लेखा-जोखा जो की अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा किया गया है जिनकी रिपोर्ट हमें दिया गया है। हमनें उन लेखा परीक्षकों के रिपोर्ट के आधार पर हमारी राय दी हैं।

अन्य विधि और विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

a. तुलन पत्र और लाभ और हानि खाता बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 29 के अनुसार तैयार किया गया है.

b. खुलासे की सीमा के अधीन और उपर दिए गये अनुच्छेद में दर्शाए गए लेखापरीक्षा के आधार पर महत्वपूर्ण लेखा नीतियां और लेखा संम्बधी टिप्पणीयां पर लेख के साथ अनुसूची-17 और 18 में पढा जाए.

(क) हमने सभी सूचना और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिया है जो कि लेखा के उद्देश्य हेतु हमारी उत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार आवश्यक था तथा हमने उन्हें संतोषजनक पाया.

(ख) हमारे ध्यान में आए बैंक के लेनदेन बैंक के अधिकारों के अन्तर्गत है.

(ग) बैंक के कार्यालयों और बैंक के शाखाओं से प्राप्त विवरणियाँ हमारे लेखा के उद्देश्य हेतु पर्याप्त पायी गयी है.

हम आगे रिपोर्ट करते हैं की :

(क) हमारी राय में और जहाँ तक बही खातों के परीक्षण से ज्ञातव्य है, बैंक ने कानूनी रुप से आवश्यक सभी खातों और बाहियों का रख-रखाव किया है.

(ख) इस रिपोर्ट के साथ तुलन पत्र, लाभ और हानि लेखा एवं नकदी प्रवाह, खाते कि पुस्तकों के साथ और हमारे द्वारा दौरा नहीं की गई शाखाओं से प्राप्त रिटर्न के साथ है।

(ग) बैकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 कि धारा 29 के तहत बैंक के शाखा लेखा परिक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित शाखा कार्यालयों के खातों के रिपोर्ट हमें भेजी गई है और इस रिपोर्ट को तैयार करनें में हमारे द्वारा ठीक से निपटा गया है ; तथा

(घ) हमारी राय में, तुलन पत्र, लाभ और हानि लेखा एवं नकदी प्रवाह, नाबार्ड और आरबीआई द्वारा लागू राय मानकों के लिए लागू लेखा मानकों के साथ साथ योग्य अभिमत के आधार अनुच्छेद के लिए वर्णीत मामलों के प्रभाव कों छोड़ कर और हमारे साथ असंगत नहीं है ।

कृते मेसर्स तेजराज एण्ड पाल
सनदी लेखाकार
फार्म पंजीकरण संख्या. 304124E

स्थान : बलांगीर
दिनांक : 20.04.2022

स्वा/-
(दिनाकर महान्ती)
(पार्टनर)
सदस्यता संख्या. 059390
UDIN - 22059390AHLLOL1161

उत्कल ग्रामीण बैंक,

मुख्य कार्यालय, बलांगीर (ओडिशा)

तुलन पत्र - 31 मार्च 2022

(रु. हजारों में)

विवरण	अनुसुची	31.03.2022 तक (चलित वर्ष)	31.03.2021 तक (चलित वर्ष)
इक्विटी और देयतायें			
शेयर पुंजी जमा	1	97,03,731	97,03,731
बेमियादी बांड	1(A)	81,383	81,383
शेयर पुंजी जमा	1(B)	47,83,185	0
आरक्षित और अधिशेष	2	0	0
जमा	3	7,64,30,695	7,48,72,500
उधारी	4	44,65,920	35,30,296
अन्य देय और प्रावधान	5	42,56,983	36,84,777
कुल इक्विटि और देयतायें		**9,97,21,897**	**9,18,72,687**
आस्तियां			
नकदी व भारतीय रिजर्व बैंक में अवशेष	6	35,91,497	30,91,187
बैंको में अवशेष व मांग तथा स्वल्पबधि सुचना पर मांग	7	71,57,395	62,72,909
निवेश	8	4,71,26,086	4,19,54,003
अग्रिम	9	2,64,60,524	2,41,85,410
स्थिर आस्तियां	10	49,332	61,017
अन्य आस्तियां	11	1,53,37,063	1,63,08,161
कुल आस्तियां		**9,97,21,897**	**9,18,72,687**
प्रसंगिक देयताएँ	12	5,47,214	5,41,701
संग्रहण बिल		NIL	NIL
मुख्य लेखा विधेयक	17 & 18		

श्री ए.सि, वेउरा
अध्यक्ष

स्थान - बलांगीर
दिनांक - २०.०५.२०२२

कृते मेसर्स तेजराज एण्ड पाल
सनदी लेखाकार
फार्म पंजीकरण संख्या. 304124E

(दिनाकर महान्ती)
पार्टनर
सदस्यता संख्या. 059390

31 मार्च 2022 के अन्त तक के लाभ-हानि खाता का प्रपन्न

(रु. हजारों में)

	विवरणी	अनुसुची	31.03.2022 तक (चलित वर्ष)	31.03.2021 तक (विगत वर्ष)
I.	आय			
	अर्जित ब्याज	13	63,04,886	47,46,110
	अन्य आय	14	9,17,094	7,09,910
	योग		**72,21,980**	**54,56,020**
II.	व्यय			
	ब्यय कियागया ब्याज	15	32,04,030	31,98,963
	परिचालन व्यय	16(A)	18,17,196	16,05,867
	प्रावधान और आकस्मिक व्यय	16(B)	21,77,342	47,67,469
	योग		**71,98,568**	**95,72,299**
III.	लाभ/हानि		**23,412**	**-41,16,279**
	कर देने के पूर्व लाभ		23,412	-41,16,279
	कम : कर प्रावधान		0	0
	वित्त वर्ष के लिए आयकर प्रावधान		4,820	NIL
	वित्त वर्ष के लिए टैक्स क्रेडिट पात्रता के लिए प्रावधान		(-) 4,820	NIL
	कर अदायगी के बाद लाभ		**23,412**	**-41,16,279**
	अग्रनीत हानि		-1,37,50,947	-96,34,668
	योग		**-1,37,27,535**	**-1,37,50,947**
	आगे लाया गया शेष		-1,37,27,535	-1,37,50,947
	कुल योग		**-1,37,27,535**	**-,1,37,50,947**

श्री ए.सि, वेउरा
अध्यक्ष

कृते मेसर्स तेजराज एण्ड पाल
सनदी लेखाकार
फार्म पंजीकरण संख्या. 304124E

(दिनाकर महान्ती)
पार्टनर
सदस्यता संख्या. 059390

अनुसूची - 1 शेयर पूँजी

(रु. हजारों में)

	31.03.2022 तक (चलित वर्ष)	31.03.2021 तक (विगत वर्ष)
प्राधिकृत पुंजि	**2,00,00,000**	**2,00,00,000**
निगर्मित, अभिदत्त आहुत पुंजि	97,03,731	97,03,731
भारत सरकार (50%)	48,51,866	48,51,866
भारतीय स्टेट बैंक (35%)	33,96,336	33,96,336
ओडिशा सरकार (15%)	14,55,529	14,55,529
योग	**97,03,731**	**97,03,731**
कुल योग	**97,03,731**	**97,03,731**

अनुसूची - 1A बेमियादी /स्थायी बांड

(रु. हजारों में)

	31.03.2022 तक (चलित वर्ष)	31.03.2021 तक (विगत वर्ष)
भारतीय स्टेट बैंक	81,383	81,383
योग	**81,383**	**81,383**

अनुसूची - 1B शेयर पूँजीजमा

(रु. हजारों में)

	31.03.2022 तक (चलित वर्ष)	31.03.2021 तक (विगत वर्ष)
भारत सरकार	23,91,600	0
भारतीय स्टेट बैंक	23,91,585	0
ओडिशा सरकार	0	0
योग	**47,83,185**	**0**

अनुसूची - 2 आरक्षित और अतिरिक्त

(रु. हजारों में)

	31.03.2022 तक (चलित वर्ष)	31.03.2021 तक (विगत वर्ष)
I. संबिधिक आरक्षित	0	0
II. पुँजी आरक्षित	0	0
III. समेकन पर आरक्षित पुँजी	0	0
IV. अंश किस्त	0	0
V. राजस्व तथा अन्य आरक्षित	0	0
VI. लाभ तथा हानि खाताओं में शेष	0	0
योग	**0**	**0**

अनुसूची - 3 जमा

(रु. हजारों में)

	31.03.2022 तक (चलित वर्ष)	31.03.2021 तक (विगत वर्ष)
A. भारत की शाखाओं मे जमा		
I. मांग जमा		
i) बैंक से	0	०
ii) अन्य से	12,81,443	13,21,403
II. बचत बैंक से जमा	4,49,38,197	4,33,17,072
III. मियादी जमा		
i) बैंक से	0	0
ii) अन्य से	3,02,11,055	3,02,34,025
योग (I + II + III)	**7,64,30,695**	**7,48,72,500**
B. I. भारत के बाहर शाखाओं में जमा	0	0
योग (A + B)	**7,64,30,695**	**7,48,72,500**

अनुसूची - 4 उधार

(रु. हजारों में)

	31.03.2022 तक (चलित वर्ष)	31.03.2021 तक (विगत वर्ष)
I. भारत में उधार		
i) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिआ	0	0
ii) अन्य बैंक (प्रायोजित बैंक स्टेट बैंक ऑफ इण्डिआ)	0	0
iii) अन्य संस्था और एजेन्सियों से (नाबार्ड)	44,60,000	35,30,296
iv) एन.एस्.टि.एफ्.डि.सी	5,920	0
II. भारत के बाहर उधार	0	0
योग (I + II)	**44,65,920**	**35,30,296**
सुरक्षित उधार (I और II में सम्मिलित)	**44,65,920**	**35,30,296**

अनुसूची - 5 अन्य दायित्व एवं प्रावधान

(रु. हजारों में)

	31.03.2022 तक (चलित वर्ष)	31.03.2021 तक (विगत वर्ष)
I. देय बिल	31,846	37,261
II. अन्त : कार्यालय समायोजन (निवल)	0	0
III. उपचित ब्याज	22,07,006	22,87,213
IV. अन्य	20,18,131	13,60,303
योग	**42,56,983**	**36,84,777**

अन्य देयताओं का विवरण

अनुसूची - 5 (IV)

(रु. हजारों में)

	31.03.2022 तक (चलित वर्ष)	31.03.2021 तक (विगत वर्ष)
सब्सिडी आरक्षति निधि	44,291	51,995
विविध जमाएँ	424	0
विविध जमाएँ TDS-SYS-CREDIT	27,656	31,988
ग्रामीण पे आर्डर (GPO)	0	0
फसल बीमा राशि	3,752	3,748
स्रोत पर काटा गया कर	2,308	275
विविध लेनदार	0	0
चालु खाता 276 HO UGB Bolangir	0	
प्रतिभुति जमा - जनता	4,800	4,423
विविध प्रावधान	68,049	13,104
मानक आस्तियां प्रावधान	69,663	57,739
पेंशन उपदान तथा छुट्टी नकदीकरण पर प्रावधान	16,72,712	11,21,525
आयकर के लिए प्रावधान	4,820	0
SD-अज्ञात नकद	0	2
SYS सस्पेन्स मूल क्रेडिट	0	0
अन्य सिस्टम सस्पेन्स	14	0
समायोजन खाता	64,183	20.737
अन्य	55,459	54,767
कुल योग	**20,18,131**	**13,60,303**

अनुसूची - 6 भारतीय रिजर्व बैंक में नगदी एवं जमा

(रु. हजारों में)

	31.03.2022 तक (चलित वर्ष)	31.03.2021 तक (विगत वर्ष)
I. हस्तस्थ नगदी (इस में विदेशी करेन्सी नोट सम्मिलित है (शुन्य)	3,85,712	3,89,852
II. भारतीय रिजर्व बैंक में जमा		
i) चालु खाते में	32,05,785	27,01,335
ii) अन्य खातों में	0	0
योग (I + II)	**35,91,497**	**30,91,187**

अनुसूची - 7 बैंक में जमा और मांग पर तथा अल्प सुचना पर प्राप्त धन

(रु. हजारों में)

	31.03.2022 तक (चलित वर्ष)	31.03.2021 तक (विगत वर्ष)
I. भारत में		
i) बैंकों में जमा		
a) चालु खातों में	2,98,883	3,85,898
b) अन्य जमा खातों में	68,58,512	58,87,011
ii) माँग पर तथा अल्प सुचना पर प्राप्त धन / स्वल्प मीयादी जमा		
a) बैंकों में (स्टेट बैंक ऑफ इण्डिआ में जमा)	0	0
b) अन्य संस्थाओं में	0	0
योग (I + II)	**71,57,395**	**62,72,909**
II. भारत के बाहर		
i) चालु खातों में	0	0
ii) अन्य जमा खातों में	0	0
iii) मांग पर तथा अल्प सुचना पर प्राप्त धन	0	0
योग (i + ii+iii)	**0**	**0**
कुल योग (I + II)	**71,57,395**	**62,72,909**

अनुसूची - 8 निवेश

